RAJHIN/2016/70516
Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

# स्मार्ट हलचल

smarthalchal.com

वर्षः 11 अंकः 26 | जयपुर शनिवार, 25 जुलाई 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08


### एक नजर



## राष्ट्रपति मुर्मु ने रोमानिया के पीएम इली से की मुलाकात, मुख्य क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने पर की चर्चा

बुखारेस्ट (एजेंसी)। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और रोमानिया के प्रधानमंत्री इली बोलोजान ने शुक्रवार को बुखारेस्ट के विक्टोरिया पैलेस में एक बैठक की। इस बैठक में उन्होंने कई खास क्षेत्रों में आपसी संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी एक बयान में बताया गया कि दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, स्वच्छ ऊर्जा, कनेक्टिविटी और नई तकनीक में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।

विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज और दूसरे अधिकारी भी बैठक में मौजूद थे।



## दुनिया और एशिया के सर्वश्रेष्ठ शहरों में राजस्थान का परचम, उदयपुर और जयपुर को मिली वैश्विक पहचान

जयपुर। राजस्थान पर्यटन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक और बड़ी उपलब्धि मिली है। दुनिया की प्रतिष्ठित पर्यटन पत्रिका ट्रैवल प्लस लीजर की ओर से जारी वर्ष 2026 के विश्व के सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार में राजस्थान के दो प्रमुख पर्यटन शहर उदयपुर और जयपुर ने एक साथ वैश्विक पहचान हासिल की है। सबसे बड़ी बात यह है कि दोनों शहरों ने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शहरों और एशिया के सर्वश्रेष्ठ शहरों की दोनों प्रतिष्ठित सूचियों में स्थान बनाया है। पूरी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शहरों की सूची में उदयपुर 12वें और जयपुर 16वें स्थान पर रहा, जबकि एशिया के 15 सर्वश्रेष्ठ शहरों में उदयपुर को आठवां और जयपुर को दसवां स्थान मिला।



## हिमाचल में चलती कार पर चट्टानें गिरीं, 13 की मौत

नई दिल्ली/भोपाल/जयपुर(नि.सं.)। हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति में शुक्रवार को उदयपुर-किलाड़ सड़क पर कडू नाला के पास लैंडस्लाइड हो गई। इसकी चपेट में टाटा सूमो टैक्सी आ गई। गाड़ी में 15 लोग सवार थे, 13 की मौत हो गई। उधर गुजरात में भारी बारिश से कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं। वलसाड के उमरगाम तालुका में 16 घंटों में 43 इंच बारिश हुई, जिससे निचले इलाके डूब गए हैं। नवसारी में बाढ़ में फंसे लोगों को हेलिकॉप्टर से एयरलिफ्ट किया गया। अहमदाबाद, सूरत में पानी भर गया। वाव-थराद जिले में बाजार डूब गए। यूपी में पिछले 10 दिनों से हो रही बारिश के चलते गंगा, यमुना समेत 10 नदियां उफान पर हैं।

### मुख्यमंत्री ने 'राजस्थान वाटर कॉन्क्लेव' में की शिरकत

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में जल सुरक्षा को मिली नई दिशाःमुख्यमंत्री

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में सरकार के गठन के तुरंत बाद से ही हमने जल आत्मनिर्भरता के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिनका असर धरातल पर नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि रामजल सेतु लिंक परियोजना से लेकर यमुना जल समझौते जैसे अभूतपूर्व कार्यों को मूर्त रूप देकर जल आपूर्ति के क्षेत्र में एक नए राजस्थान की आधारशिला रखी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार के इन्हीं प्रयासों से राजस्थान आने वाले समय में जल प्रबंधन एवं जल संचयन का राष्टीय मॉडल बनेगा। मुख्यमंत्री शुक्रवार को जयपुर में 'राजस्थान वाटर कॉन्क्लेव' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जल संरक्षण को राष्टीय कर्तव्य मानते हैं और आने वाली पीढ़ियां हमारे जल संरक्षण के प्रयासों के आधार पर हमारा मूल्यांकन करेंगी। कैच द रेन, नमामि गंगे, जल संचय-जन भागीदारी, जल जीवन मिशन, अटल भूजल योजना, अमृत सरोवर, हर खेत को पानी तथा प्रति बूंद अधिक फसल जैसे दूरदर्शी कार्यक्रमों ने देश में जल सुरक्षा को नई दिशा प्रदान की है।

जल संरक्षण पर संवाद, अनुभव और नवाचारों पर बात



मुख्यमंत्री ने जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न संस्थाओं एवं विषय विशेषज्ञों से संवाद कर उनके अनुभव, नवाचारों एवं सुझावों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान और भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। सरकार के प्रयासों, संस्थाओं के सहयोग, विशेषज्ञों के अनुभव और आमजन की सक्रिय भागीदारी से राजस्थान जल आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने संस्थाओं एवं विशेषज्ञों से आह्वान किया कि वे स्थानीय स्तर की जल चुनौतियों को समझते हुए आधुनिक तकनीक आधारित मॉनिटरिंग, नवाचारपूर्ण समाधानों और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ जल संचयन, संरक्षण एवं प्रबंधन के क्षेत्र में अपना योगदान दें।



प्रदेश के हर कोने को मिलेगा पानी-

उन्होंने कहा कि रामजल सेतु लिंक परियोजना राजस्थान के जल इतिहास का नया अध्याय है। इस परियोजना से प्रदेश के 17 जिलों में पेयजल सुरक्षा सुनिश्चित होने के साथ ही लगभग 4 लाख 84 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। वहीं, यमुना जल समझौते के तहत लगभग 295 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन से 1,917 क्यूसेक यमुना जल शेखावाटी पहुंचेगा, जिससे सीकर, झुंझुनूं और चूरू जिले के लगभग 75 लाख लोगों को स्थायी पेयजल राहत मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उदयपुर शहर की पेयजल आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए 1 हजार 691 करोड़ रुपये की लागत से देवास तृतीय एवं देवास चतुर्थ परियोजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार पश्चिमी राजस्थान के लिए आइजीएनपी के नहरी क्षेत्रों का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। वहीं, नर्मदा के पानी को रानीवाड़ा और भीनमाल तक पहुंचाने और ब्राह्मणी नदी के पानी को बीसलपुर तक लाने की कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है। साथ ही, परवन बहुउद्देशीय सिंचाई परियोजना कोटा, बारां और झालावाड़ जिलों की जीवनरेखा साबित होगी। इस परियोजना पर राज्य सरकार अब तक 1 हजार 164 करोड़ रुपये व्यय कर चुकी है। इन सभी प्रयासों से पेयजल, कृषि और उद्योग सहित अन्य सभी क्षेत्रों में राजस्थान जल आत्मनिर्भर बनेगा।

जल संरक्षण में जन भागीदारी की अहम भूमिका-

उन्होंने कहा कि जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने के लिए कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके तहत भामाशाहों, प्रवासी राजस्थानियों तथा सीएसआर सहयोग से जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण करवाया जा रहा है। जिससे प्रदेश के कई क्षेत्रों के भूजल स्तर में सुधार हुआ है। इसी प्रकार, वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के माध्यम से जल स्रोतों की सफाई, पौधारोपण, जनजागरूकता तथा जल संरक्षण गतिविधियों को व्यापक जनभागीदारी के साथ संचालित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमृत 2.0 योजना के तहत 178 शहरी निकायों में पेयजल व्यवस्था मजबूत करने के लिए 5 हजार 100 करोड़ रुपये की स्वीकृतियां जारी की गई हैं।

## सीएलजी बैठक में कानून-व्यवस्था, नशा मुक्ति और यातायात नियमों पर मंथन

### नवनियुक्त थाना अधिकारी पंकज चौधरी का हुआ परिचय, एएसपी भूपेंद्र शर्मा ने राजकॉप सिटीजन एप और 1933 हेल्पलाइन का उपयोग करने का दिया संदेश



मकराना । मकराना पुलिस थाना परिसर में शुक्रवार को डीडवाना-कुचामन जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र शर्मा की अध्यक्षता एवं नवनियुक्त थाना अधिकारी/पुलिस निरीक्षक पंकज चौधरी की मौजूदगी में सीएलजी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य नवनियुक्त थाना प्रभारी का सीएलजी सदस्यों से परिचय कराना तथा आगामी त्योहारों के मद्देनजर कानून-व्यवस्था, शांति एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने पर चर्चा करना रहा। बैठक के दौरान पुलिस निरीक्षक पंकज चौधरी ने सभी सीएलजी सदस्यों से परिचय प्राप्त कर क्षेत्र की कानून-व्यवस्था, यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था पर सुझाव मांगे। उन्होंने कहा कि पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और शांतिपूर्ण माहौल कायम किया जा सकता है। वहीं, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र शर्मा ने आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। सड़क सुरक्षा पर चर्चा करते हुए एएसपी भूपेंद्र शर्मा ने कहा कि समाज में सुधार लाने से पहले हमें स्वयं में सुधार लाना होगा। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में जब सदस्यों से पूछा कि कितने लोग हेलमेट पहनकर आए हैं, तो अधिकांश का जवाब नकारात्मक रहा। इसके बाद एएसपी ने सभी सदस्यों को यातायात नियमों का पालन करने और स्वयं हेलमेट पहनकर दूसरों को जागरूक करने की सलाह दी। सभी सदस्यों ने यातायात नियमों के पालन का संकल्प लिया। बैठक में सदस्यों ने मकराना थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन, सदर बाजार, टंकी मार्ग एवं लग्नशाह रोड पर बेतरतीब खड़े वाहनों और आवारा पशुओं से बाधित होते यातायात का मुद्दा उठाया। इस पर एएसपी ने थाना प्रभारी को गलत तरीके से वाहन पार्क करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर चालान वसूलने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि मादक पदार्थों की बिक्री या तस्करी की सूचना आमजन 1933 हेल्पलाइन नंबर पर दे सकते हैं। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। इसके साथ ही, किसी भी आपात स्थिति में पुलिस सहायता प्राप्त करने के लिए आमजन को राजस्थान पुलिस का राजकॉप सिटीजन मोबाइल एप डाउनलोड करने की सलाह दी गई, जिससे त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा सके। बैठक के दौरान सीएलजी सदस्य घनश्याम सोनी, मोहन राम बुलडक, श्याम सुंदर स्वामी, ठाकुर मोहन सिंह चौहान, दिलीप सिंह चौहान, नोरत राम नायक, एडवोकेट शुभम माहेश्वरी, विनीत मुच्छाल, कामरान अहमद, सरफराज खत्री, रफीक अहमद गौड़, हाजी जुबेर गेसावत, अब्दुल कयूम, सोहन राम दोलिया, संजय जांगिड़ सहित शहर के कई गणमान्य नागरिक, पत्रकार एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## एडीजे दीप्ति श्रीवास्तव ने सुनाई ट्रिपल हत्या के आरोपी मोहित को आजीवन कारावास की सजा

मेड़ता सिटी -31.12.2023 को मुलजिम मोहित ने अपने पिता दिलीप सिंह, माता राजेश कंवर व अपनी बहन प्रियंका कंवर की कुल्हाड़ी से हत्या की थी, अब फैसला आया,

पादु कलां में ढाई साल पहले मुलजिम मोहित द्वारा अपने घर में अपने पिता दिलीप सिंह, माता राजेश कंवर व बहन प्रियंका कंवर की हत्या करने के मामले में मेड़ता के अपर जिला एवं सेशन



न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए मुलजिम मोहित को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया।

एडीजे दीप्ति श्रीवास्तव ने मामले में सभी पक्षों को सुनते हुए फैसला सुनाया। कोर्ट ने ट्रिपल हत्या के आरोप में मुलजिम मोहित को धारा 302 भादस. में दोषसिद्धी पर आजीवन कारावास से दंडित किया है। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक लक्ष्मण सिंह सथाना ने पैरवी की। उन्होंने बताया कि पैरवी के दौरान अभियोजन पक्ष के कुल 17 गवाहों के बयान हुए तथा लगभग 66 दस्तावेज प्रदर्शित करवाए गए।

आपको बता दे कि 31.12.2023 का पादु कलां थाना क्षेत्र का मामला है

## 10 माह से फरार स्थायी वारंटी मेड़तारोड पुलिस के हत्थे चढ़ा

मेड़ता रोड (नागौर), 24 जुलाई। नागौर जिला पुलिस द्वारा वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मेड़तारोड थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पिछले करीब 10 माह से फरार चल रहे स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक आशाराम चौधरी (आरपीएस) के निर्देशन तथा अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के सुपरविजन में थानाधिकारी सत्यनारायण जाणी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए थाना गोटन के एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण संख्या 228/2025 में वांछित आरोपी बाबूलाल पुत्र नेवलाल जाटी (सुथार), उम्र 47 वर्ष, निवासी घड़ोली, थाना नीमच सिटी, जिला नीमच (मध्यप्रदेश) को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। लगातार की गई तलाश और मुखबिर तंत्र की सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। कार्रवाई करने वाली टीम में थानाधिकारी सत्यनारायण जाणी, कांस्टेबल राजूराम (नं. 276) तथा कांस्टेबल रविकुमार (नं. 1716) शामिल रहे। जिला पुलिस अधीक्षक ने पूरी टीम की सराहना करते हुए उनके विशेष योगदान की प्रशंसा की।

## पोक्सो मामले में आरोपी को 3 वर्ष का कारावास, 16 हजार रुपए जुर्माने की सजा

मेड़ता सिटी। पुलिस थाना गोटन में दर्ज पोक्सो एक्ट के मामले में मेड़ता स्थित पोक्सो कोर्ट संख्या-2 ने आरोपी राहुल सिंह उर्फ जीतेन्द्र सिंह को दोषी मानते हुए 3 वर्ष के कारावास एवं 16 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

प्रकरण के अनुसार 19 अगस्त 2025 को पुलिस थाना गोटन में प्रकरण संख्या 198/2025 दर्ज किया गया था। मामले में परिवादी की रिपोर्ट पर आरोपी राहुल सिंह उर्फ जीतेन्द्र सिंह के खिलाफ धारा 74, 126(2) बीएनएस एवं धारा 7/8 पोक्सो एक्ट व 3(1)(W)(¡),3(2)(VA) sc /st के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की सुनवाई पोक्सो कोर्ट संख्या-2, मेड़ता में विशिष्ट न्यायाधीश सीमा मेवाड़ा के समक्ष हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से विशिष्ट लोक अभियोजक रामकिशोर शर्मा (पंचारिया) ने पैरवी की। प्रकरण में अभियोजन पक्ष की ओर से 10 गवाहों के बयान करवाए गए। सुनवाई के बाद न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए 3 वर्ष की सजा और 16 हजार रुपए के जुर्माने से दंडित करने का फैसला सुनाया।

### सवाई मानसिंह हॉस्पिटल

## महिला-डॉक्टर ने अधिकारी पर लगाए प्रताड़ना के आरोप

**बोलीं- झूठे आरोप लगाकर प्रताड़ित किया जा रहा, उत्पीड़न हो रहा**

जयपुर। राजस्थान के सबसे बड़े सरकारी हॉस्पिटल सवाई मानसिंह के एक प्रशासनिक अधिकारी के खिलाफ महिला डॉक्टर ने प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। डॉक्टर ने शिकायत मुख्यमंत्री और हॉस्पिटल अधीक्षक को दी है। इसकी जांच के लिए अधीक्षक ने कमेटी भी बना दी। लेकिन 15 दिन निकलने के बाद भी अब तक इसका मामले का कोई निस्तारण नहीं हुआ। महिला डॉक्टर ने दी लिखित शिकायत में बताया- नौकरी के दौरान लगातार उत्पीड़न, भेदभावपूर्ण व्यवहार, झूठे आरोप लगाकर लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारी डॉक्टर और एक अन्य महिला के खिलाफ शिकायत दी। शिकायत के बाद हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. मृणाल जोशी ने तीन सीनियर प्रोफेसर की एक कमेटी बनाकर इसकी जांच करने और रिपोर्ट तीन दिन के अंदर देने के आदेश जारी किए।

### कृषि पर्यवेक्षक भर्ती-2025 | 1100 पदों पर हुई थी भर्ती,नियुक्तियां अटकी; विवादित सवालों से जुड़ा है मामला

## हाईकोर्ट ने कृषि-पर्यवेक्षक भर्ती के अंतिम परिणाम पर लगाई रोक

जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने कृषि पर्यवेक्षक भर्ती-2025 का अंतिम परिणाम जारी करने और नियुक्तियां देने पर रोक लगा दी है।

यह रोक जस्टिस गणेशराम मीणा की अदालत ने सतीश कुमार मीणा व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए लगाई। अदालत ने कर्मचारी चयन बोर्ड और कृषि विभाग के प्रमुख शासन सचिव से जवाब भी मांगा हैं।

याचिका में तीन विवादित सवालों को चुनौती दी गई थी।

**आरपीएससी में जवाब सही, कर्मचारी चयन बोर्ड में गलत**

याचिकाकर्ता के वकील हरेंद्र नील ने बताया कि ऑब्जेक्टिव प्रश्न पत्र में पूछे गए सवालों में से तीन सवालों को लेकर विवाद था। मुख्य विवाद सवाल नंबर-56 को लेकर था। इस सवाल के जिस जवाब को कर्मचारी चयन बोर्ड गलत मान रहा है। उसी जवाब को आरपीएससी ने स्कूल लेक्चरर एवं कोच भर्ती-2025 में सही माना था।

इस सवाल को लेकर था विवाद

**इनमें से कौनसी मवेशियों की द्वि-प्रयोजनी नस्ल हैं।**

**(A) थारपारकर (B) सिंधी**

**(C) साहिवाल (D) डांगी**



कर्मचारी चयन बोर्ड ने प्राम्भिक आंसर की में इसका जवाब थारपारकर सही माना, लेकिन फाइनल आंसर की में डांगी को सही मान लिया। जिसे हाईकोर्ट में यह कहते हुए चुनौती दी गई कि आरपीएससी ने यही सवाल स्कूल लेक्चरर एवं कोच भर्ती-2025 में पूछा था। जिसमे थारपारकर की ही सही माना था। वहीं कृषि विभाग और पशुपालन विभाग की किताबो में भी इसे ही सही माना गया हैं।

करीब 1100 पदों पर हो रही भर्ती

यह भर्ती परीक्षा 1100 पदों के लिए आयोजित हुई थी। भर्ती की लिखित परीक्षा 10 अप्रेल 2026 को हुई थी। 15 जून को फाइनल आंसर-की और 23 जून को दस्तावेज सत्यापन के लिये फाइनल अंतरिम परिमाण जारी किया गया था।

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला बिना पूर्व अनुमति कोर्ट कार्यवाही के ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया पर पोस्ट करने पर रोक

नई दिल्ली(एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश जारी करते हुए बिना संबंधित अदालत की पूर्व अनुमति के अदालती कार्यवाहियों के ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग को सोशल मीडिया या डिजिटल प्लेटफॉर्म पर शेयर, पोस्ट या अपलोड करने पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह अंतरिम आदेश पारित किया है। आदेश के मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं।

# मांडलगढ़ नगरपालिका में अधिकारियों-कर्मचारियों की कमी से बढ़ी परेशानी, विधायक ने किया निरीक्षण

**रिक्त पदों के कारण निर्माण स्वीकृति, नामांतरण और आवास योजनाओं के कार्य प्रभावित, जल्द नियुक्ति का दिलाया भरोसा**

स्मार्ट हलचल

**मांडलगढ़ ।** मांडलगढ़ नगरपालिका में लंबे समय से अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कई महत्वपूर्ण पद रिक्त होने के कारण आमजन को अपने आवश्यक कार्यों के लिए लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगरवासियों ने रिक्त पदों को शीघ्र भरने की मांग करते हुए समस्या से स्थानीय विधायक गोपाल खंडेलवाल को अवगत कराया। नगरवासियों रामू सिंधी, प्रिंस सिंधी, भरत खटीक सहित



अन्य लोगों ने बताया कि नगरपालिका में अधिकारियों एवं कार्मिकों के अभाव के कारण आमजन के आवश्यक कार्य समय पर नहीं हो पा रहे हैं। इससे लोगों को बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। जानकारी के अनुसार नगरपालिका कार्यालय में लंबे समय से एलडीसी, यूडीसी, जेईएन, अकाउंटेंट, फायरमैन सहित कई महत्वपूर्ण पद रिक्त पड़े हैं। इसका सीधा असर निर्माण स्वीकृति, नामांतरण, पुश्तैनी पट्टा, आवास योजना सहित अन्य प्रशासनिक कार्यों पर पड़ रहा है, जिससे नागरिकों को अनावश्यक देरी और परेशानी झेलनी पड़ रही है। समस्या की गंभीरता को देखते हुए विधायक गोपाल खंडेलवाल ने शुक्रवार को उपखंड अधिकारी स्वाति के साथ नगरपालिका कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से स्थिति की जानकारी ली तथा जिला कलेक्टर को भी रिक्त पदों की समस्या से अवगत कराते हुए शीघ्र नियुक्तियां करने की मांग की। विधायक खंडेलवाल ने नगरवासियों को आश्वस्त किया कि रिक्त पदों की जल्द पूर्ति करवाने के लिए संबंधित स्तर पर प्रभावी प्रयास किए जाएंगे, ताकि नगरपालिका के कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सकें और आमजन को राहत मिल सके।

---

मुजरास टोल पर देर रात तक चला संयुक्त विशेष अभियान

# 13 लग्जरी बसों की जांच, 7 बसों पर 91,600 की कार्रवाई

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं सार्वजनिक परिवहन में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाड़ा के निर्देशन में परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा मुजरास टोल, भीलवाड़ा पर विशेष संयुक्त जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 13 लग्जरी एवं स्लीपर बसों का सघन निरीक्षण किया गया। जांच में विभिन्न मोटर वाहन नियमों एवं सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पाए जाने पर 7 बसों के विरुद्ध कुल 91,600 के चालान बनाए गए। जिन बसों में आवश्यक दस्तावेज, फिटनेस एवं सुरक्षा व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं, उन्हें जांच उपरांत यात्रियों सहित उनके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। अभियान के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाड़ा की सचिव श्रीमती रश्मि आर्य, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती देवांगिनी औदीच्य, जिला परिवहन अधिकारी श्री



रामकिशन चौधरी, परिवहन निरीक्षक श्री मनीष कुमार एवं श्री कैलाश शक्तावत उपस्थित रहे। संयुक्त टीम ने बसों की फिटनेस, परमिट, बीमा, अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन निकास, फर्स्ट एड बॉक्स, चालक के दस्तावेज तथा यात्रियों की सुरक्षा से जुड़े अन्य मानकों का गहन निरीक्षण किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रश्मि आर्य ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यात्रियों से अपील की कि यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व बस में इमरजेंसी एग्जिट, फायर सेफ्टी, फर्स्ट एड बॉक्स तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता अवश्य जांचें। यदि किसी बस में सुरक्षा संबंधी गंभीर कमियां दिखाई दें तो इसकी सूचना तत्काल परिवहन विभाग अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले बस संचालकों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी तथा यह विशेष अभियान आगामी दिनों में भी जिले के विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर निरंतर संचालित किया जाएगा।

---

# सवाईपुर विद्यालय में छात्र सदन का किया गठन, अंकित प्रधानमंत्री व हर्ष उप प्रधानमंत्री चुने

### जल्द होगा मंत्री मंडल का गठन एवं शपथग्रहण समारोह

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर** देश में लोकतंत्र प्रणाली बाहर है लेकिन युवा पीढ़ी को लोकतंत्र प्रणाली कैसे बंद होती है कैसे काम करती है देश का संचालन कैसे होता है इस सारी जानकारी से अवगत कराने के उद्देश्य से सवाईपुर कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉक्टर प्रतिष्ठा ठाकुर ने एक नई पहल करते हुए शुक्रवार को विद्यालय में बाल संसद का गठन किया गया और इसके विधिवत रूप से नियमानुसार मतदान प्रक्रिया को अपनाते हुए चुनाव संपन्न कराए गए । नए मंत्रिमंडल का गठन और शपथ ग्रहण समारोह जल्द होगा । बाल संसद के मुख्य चुनाव अधिकारी दीपिका वैष्णव ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सवाईपुर में शुक्रवार को बाल संसद का गठन किया गया, यह बाल संसद का चुनाव लोकतंत्र का उत्सव था, जिसमें विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया और इस चुनाव मे देश में होने वाले चुनाव की प्रक्रिया को अपनाया गया और प्रत्येक कक्षा से दो प्रतिनिधि ( सासंद ) चुने गए, इन सभी चुने गए बाल संसद सदस्यों ने कक्षा 12 के उम्मीदवारों में से एक प्रधानमंत्री व एक उप प्रधानमंत्री का चुनाव मतदान प्रक्रिया से किया गया, मतदान प्रक्रिया के बाद चुनाव आयुक्त विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ प्रतिष्ठा ठाकुर और विद्यालय के समस्त स्टाफ की मौजूदगी में मतो की मतगणना की गई । मतगणना के पश्चात चुनाव आयुक्त डॉ. ठाकुर ने परिणाम घोषित किया, जिसमें कक्षा 12 के छात्र अंकित जाट को प्रधानमंत्री चुना गया और कक्षा 12 के ही हर्ष सारस्वत को उप प्रधानमंत्री चुने गए । रिटर्निंग अधिकारी सत्य प्रकाश भारद्वाज



ने बताया कि नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री बाल संसद सदस्यों में से अपने मंत्रिमंडल का निर्माण करेंगे जो वर्ष भर के विद्यालय गतिविधियों में विद्यालय के प्रिंसिपल और शिक्षकों का सहयोग करेंगे । उन्होंने बताया कि शुक्रवार को हुए चुनाव में 30 मतदाता ने मत का प्रयोग किया, जिसमें एक मत खारिज हो गया । कुल 9 प्रत्याशियों ने प्रधानमंत्री पद के लिए आवेदन किया, जिसमें अंकित जाट को 10 मत मिले और हर्ष सारस्वत को 8 मत मिले, जिस पर अंकित को प्रधानमंत्री और हर्ष को उप प्रधानमंत्री चुना गया । चुनाव प्रक्रिया और मतदान से पहले विद्यालय की प्रधानाचार्य व चुनाव आयुक्त डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर ने सभी विद्यार्थियों बाल संसद के उद्देश्यों और उनकी भूमिका से अवगत कराया की कैसे देश में चुनाव होते हैं और देश की संसद प्रधानमंत्री उप प्रधानमंत्री और उनके मंत्रिमंडल किस तरह से किस देश के विकास और देश संचालन में काम करता है उनकी क्या भूमिका रहती है इस बारे में अवगत कराया और कहा कि विद्यालय में बाल संसद की गठन का उद्देश्य यह कि विद्यार्थियों को लोकतंत्र को समझ सकेंगे तथा इसकी जानकारी होगी और बाल संसद की तथा विद्यार्थियों की विद्यालय के विकास और गतिविधियों में भागीदारी होगी । विद्यालय के समस्त स्टाफ और शिक्षकों ने इस चुनाव प्रक्रिया में पूर्ण भागीदारी निभाई ।।

---

## कारगिल विजय दिवस पर उलेला में दूसरा विशाल रक्तदान शिविर 26 जुलाई को

**देवनारायण मंदिर प्रांगण में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक होगा आयोजन, पिछले वर्ष 180 से अधिक यूनिट रक्त हुआ था संग्रहित**

**अलकेश पारीक** उलेला कारगिल विजय दिवस के अवसर पर सामाजिक सेवा और मानवता के संदेश को आगे बढ़ाते हुए ग्राम उलेला स्थित देवनारायण भगवान मंदिर प्रांगण में 26 जुलाई (रविवार) को दूसरे विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। शिविर भारतीय सेना के वीर जवानों के शौर्य और बलिदान को समर्पित रहेगा। आयोजन समिति के अनुसार पिछले वर्ष आयोजित प्रथम रक्तदान शिविर में 180 से अधिक यूनिट रक्त संग्रहित किया गया था। इस रक्त का विभिन्न अस्पतालों में भर्ती जरूरतमंद मरीजों के उपचार में उपयोग किया गया। प्रथम शिविर को मिले उत्साहजनक सहयोग के बाद इस बार और अधिक संख्या में रक्तदाताओं के भाग लेने की उम्मीद जताई जा रही है। शिविर में रक्तदान के साथ रक्तदाताओं की हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, ब्लड ग्रुप सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांच निःशुल्क की जाएगी। रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीरों को सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि उलेला गांव सामाजिक सरोकारों के कार्यों में लगातार अग्रणी भूमिका निभा रहा है। रक्तदान जैसे महापुण्य अभियान में युवाओं, महिलाओं और ग्रामीणों का बढ़ता उत्साह समाज के लिए प्रेरणादायक है। समिति ने क्षेत्र के युवाओं, सामाजिक संगठनों एवं आमजन से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करने और इस सेवा अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

---

चलती लग्जरी कार छोड़ भागा तस्कर, 351 किलो डोडा पोस्त बरामद

# नाकाबंदी देख कार मोड़ी, पीछा करने पर वाहन छोड़ अंधेरे का फायदा उठाकर फरार; 70.68 लाख का माल जब्त

स्मार्ट हलचल

**अलकेश पारीक जहाजपुर** जहाजपुर थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक लग्जरी किया कैरेंस कार से 351.220 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया है। बरामद मादक पदार्थ और वाहन की कुल अनुमानित कीमत 70.68 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस फरार तस्कर की तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार 23-24 जुलाई की रात विशेष अभियान के तहत जहाजपुर थाना क्षेत्र में नाकाबंदी की जा रही थी। इसी दौरान तड़के करीब 1:40 बजे एक सफेद रंग की किया कैरेंस (RJ-20-CH-5284) नाकाबंदी के पास पहुंची। पुलिस को देखकर चालक ने अचानक वाहन मोड़कर तेज गति से भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने तत्काल पीछा किया। कुछ दूरी पर चालक कार को सड़क किनारे छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। पुलिस ने वाहन की



तलाशी ली तो उसमें 21 कट्टों में भरा 351.220 किलो डोडा पोस्त मिला।

**कार पर मिले दो फर्जी नंबर प्लेट**

तलाशी के दौरान कार से दो अतिरिक्त नंबर प्लेट (RJ-01-CE-7432 एवं GJ-06-PS-1306) भी बरामद हुईं। इससे आशंका जताई जा रही है कि तस्कर पहचान छिपाने के लिए अलग-अलग नंबर प्लेट का इस्तेमाल कर रहे थे।

**एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज**

पुलिस ने वाहन, डोडा पोस्त और अतिरिक्त नंबर प्लेट जब्त कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पारोली थाना के अधिकारी को सौंपी गई है।

**जब्ती का विवरण**

बरामद डोडा पोस्त : 351.220 किलोग्राम
अनुमानित कीमत : ?52,68,300
जब्त किया कैरेंस कार की कीमत : ?18 लाख
कुल जब्ती : ?70,68,300

चर्चा के बड़े सवाल

तस्कर आखिर कहां से डोडा पोस्त लेकर आया था और इसकी सप्लाई कहां होनी थी?
कार पर दो अतिरिक्त नंबर प्लेट क्यों रखी गई थीं?
फरार चालक की पहचान पुलिस कब तक कर पाएगी?
क्या इस तस्करी के पीछे कोई बड़ा नेटवर्क सक्रिय है?

अब सबसे बड़ा सवाल–जब तस्कर रात में 351 किलो डोडा पोस्त लेकर जहाजपुर क्षेत्र तक पहुंच गया, तो रास्ते में पड़ने वाले अन्य क्षेत्रों की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े होते हैं।

---

# जहाजपुर में चोरों के हौसले बुलंद: सालासर ज्वेलर्स का शटर उखाड़कर हजारों के जेवर-नकदी पार

**देवली रोड पर वारदात, सीसीटीवी में कैद हुई चोरों की करतूत; लगातार हो रही चोरियों से व्यापारियों में आक्रोश, रात्रि गश्त पर उठे सवाल**



स्मार्ट हलचल

**अलकेश पारीक** कस्बे में लगातार बढ़ रही चोरी की वारदातों ने पुलिस की रात्रि गश्त व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। शुक्रवार तड़के अज्ञात चोरों ने देवली रोड स्थित नागदी पुलिया के पास सालासर ज्वेलर्स को निशाना बनाया। बदमाश लोहे के सरिए की मदद से दुकान का शटर ऊपर उठाकर ताले तोड़ते हुए अंदर घुस गए और नकदी व आभूषण समेटकर फरार हो गए। वारदात के बाद व्यापारियों में भारी आक्रोश है।

**पड़ोसी दुकानदार ने देखा टूटा शटर, तब चला पता**

सुबह पड़ोसी दुकानदार सीपी जैन अपनी दुकान खोलने पहुंचे तो सालासर ज्वेलर्स का शटर उठा हुआ और ताले टूटे मिले। उन्होंने तुरंत दुकान संचालक जगदीश सोनी को सूचना दी। मौके पर पहुंचे व्यापारी ने दुकान का सामान बिखरा देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी।

**सीसीटीवी में कैद हुए बदमाश**

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दयाराम चौधरी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। प्रारंभिक जांच में चोरों की गतिविधियां कैमरों में कैद होना सामने आया है। पीड़ित व्यापारी जगदीश सोनी ने बताया कि चोर करीब 60 से 70 हजार रुपए के आभूषण और नकदी चोरी कर ले गए।

**व्यापारियों में नाराजगी, पुलिस गश्त पर सवाल**

कस्बे में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। व्यापारियों का कहना है कि यदि रात्रि गश्त प्रभावी होती तो मुख्य मार्ग पर स्थित दुकान में इतनी बड़ी वारदात को अंजाम देना चोरों के लिए आसान नहीं होता। लगातार हो रही घटनाओं ने पुलिस की रात्रि गश्त की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**स्वर्णकार समाज ने की सख्त कार्रवाई की मांग**

स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष सत्यवान सोनी ने जिला पुलिस अधीक्षक से चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी, चोरी गए माल की बरामदगी, रात्रि गश्त को मजबूत करने और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। देवली रोड जैसे व्यस्त इलाके में शटर तोड़कर चोरी की घटना होना यह संकेत देता है कि बदमाशों में पुलिस का खौफ कम होता जा रहा है। लगातार हो रही वारदातों के बीच अब पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती चोरों को जल्द गिरफ्तार कर व्यापारियों का भरोसा कायम रखना है।

---

# राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम पर बड़ी पहल का पहले ही दिन दिखा असर!

**DGP राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में साइबर ठगी पर बड़ा प्रहार**

स्मार्ट हलचल

पहले 18 घंटे में 7 E-Zero FIR दर्ज – 1 लाख से 5 लाख तक की साइबर ठगी के मामलों में त्वरित कार्रवाई शुरू।

**अब तक 460 E-Zero FIR दर्ज**

साइबर फ्रॉड पीड़ितों को तत्काल राहत देने की दिशा में राजस्थान पुलिस की बड़ी पहल।
DGP श्री राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में कल ही हुई थी नई व्यवस्था
1 लाख या उससे अधिक की साइबर ठगी के मामलों में E-Zero FIR से त्वरित कार्रवाई
ADG साइबर क्राइम वीके सिंह ने दी जानकारी – नई व्यवस्था के लागू होने के साथ ही साइबर अपराध के खिलाफ राजस्थान पुलिस की कार्रवाई को मिली रफ्तार। 1930 पर शिकायत से शुरू होगी कार्रवाई – IyC के NCRP और CCTNS के एकीकरण से साइबर ठगी की शिकायतों को पुलिस थाने तक तेजी से पहुंचाया जाएगा। थाना क्षेत्र की बाध्यता होगी कम – साइबर फ्रॉड की शिकायत पर संबंधित पुलिस थाने को भेजी जाएगी, जिससे कार्रवाई में तेजी आएगी। पीड़ितों के लिए बड़ी राहत – साइबर ठगी के मामलों में रकम को फ्रीज कराने और वापस दिलाने की कार्रवाई अब और प्रभावी तरीके से हो सकेगी। राजस्थान पुलिस की अपील: साइबर ठगी होते ही तुरंत 1930 पर कॉल करें और समय रहते शिकायत दर्ज कराएं–जितनी जल्दी शिकायत, उतनी जल्दी रकम बचने की संभावना।

---

छेड़छाड़ और पॉक्सो के आरोपी को सजा

# कोचिंग सेंटर में घुसकर नाबालिग के साथ की थी छेड़छाड़ और अश्लील हरकत, तीन साल कठोर कारावास ओर जुर्माने से दंडित

स्मार्ट हलचल




**भीलवाड़ा ।** कोतवाली थाना क्षेत्र के एक कोचिंग सेंटर में घुसकर नाबालिग के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने वाले आरोपी मोहम्मद याकूब शेख को पॉक्सो कोर्ट एक ने 3 साल कठोर कारावास ओर 20 हजार रु अर्थदंड से दंडित किया है । पॉक्सो कोर्ट संख्या एक की विशिष्ट न्यायाधीश रेखा वधवा ने आरोपी के खिलाफ फैसला सुनाया । विशिष्ट लोक अभियोजक धर्मवीर सिंह कानावत ने आरोप सिद्ध करने के लिए 21 दस्तावेज ओर 13 गवाह पेश किए। प्रार्थी ने कोतवाली थाने में 14/12/24 को इस संबंध में मामला दर्ज करवाया है था ओर बताया की प्रार्थी की नाबालिग पुत्री बडला चौराहे स्थित कोचिंग सेंटर में पढ़ने जाती है जब एक दिन वह कोचिंग पढ़ाने गई तो इस दौरान आरोपी मोहम्मद याकूब शेख उसका पीछा करते हुए वहां आया और कोचिंग सेंटर के अंदर घुसकर पीड़िता के साथ छेड़छाड़ की ओर अश्लील हरकते करने लगा साथ ही किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी । पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की ओर कोचिंग सेंटर के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जांच में पता चला की आरोपी पूर्व में भी दूसरी लड़कियों के साथ ऐसी हरकते कर चुका है पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की ओर उसे गिरफ्तार करने के बाद पॉक्सो कोर्ट एक में चालान पेश किया । ट्रायल पूरी होने के बाद आरोप सिद्ध होने पर विशिष्ट न्यायाधीश वधवा ने आरोपी को तीन साल कठोर कारावास ओर 20 हजार रु जुर्माने की सजा सुनाई ।

---

# कारोई थाने का कांस्टेबल जितेंद्र यादव को किया सस्पेंड

स्मार्ट हलचल




**गंगापुर** - कारोई थाने के कांस्टेबल जितेंद्र यादव को एसपी सागर राणा ने सस्पेंड कर दिया है । पुलिस उपाधीक्षक सुरेंद्र पालीवाल ने बताया कि अनुशासनहीनता के मामले मे कांस्टेबल के विरुद्ध कार्रवाई हुई है । कारोई थाने सर्किल से लगातार कांस्टेबल की शिकायत मिल रही थी। जिसके चलते जिला पुलिस अधीक्षक ने कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया है ।

---

# राजस्थान प्रांतीय तैलिक साहू महासभा जयपुर की जिला कार्यकारिणी का विस्तार

**कैलाश मांदरिया महामंत्री, दीपक गुटकणिया उपाध्यक्ष व राकेश पचलोड़िया को बनाया जिला मंत्री**

स्मार्ट हलचल

**गुरलाः-राजस्थान** प्रांतीय तैलिक साहू महासभा, जयपुर ने संगठन के विस्तार और युवा शक्ति को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए भीलवाड़ा के महीला आश्रम निवासी दीपक कुमार गुटकणिया को जिला उपाध्यक्ष , तिलक नगर निवासी कैलाश मांदरिया को जिला महामंत्री तथा जुनावास निवासी राकेशकुमार पचलोड़िया जिला मंत्री पद पर मनोनीत किया है। महासभा के प्रदेशाध्यक्ष देवीलाल साहू की अनुशंसा पर भीलवाड़ा( शहर ) जिलाध्यक्ष कैलाश चंद्र आसरवा द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में यह घोषणा की गई। नियुक्ति पत्र में उल्लेख किया गया है नवनियुक्त पदाधिकारीयों की सामाजिक सेवा, कार्यकुशलता, कठोर परिश्रम, निष्ठा, लगन, सक्रियता एवं समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। महासभा ने विश्वास व्यक्त किया है कि इनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी तथा समाज के युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में संगठन से जोड़ने में सफलता मिलेगी। महासभा ने पदाधिकारियों से अपेक्षा जताई है कि वे संगठन के नियमों एवं निर्देशों का पालन करते हुए प्रदेश एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करेंगे। साथ ही सदस्यता अभियान को गति देते हुए युवाओं, समाजसेवियों एवं मातृशक्ति को संगठन से जोड़ने का कार्य करेंगे तथा समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। वही इनकी नियुक्ति पर समाज के पदाधिकारियों, वरिष्ठजनों एवं युवाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।समाजजनों ने विश्वास जताया कि इनके नेतृत्व में भीलवाड़ा में संगठनात्मक गतिविधियों को नई दिशा और मजबूती मिलेगी तथा समाज के उत्थान के लिए प्रभावी कार्य किए जाएंगे।



## बिजली ठीक करने वाले खुद अंधेरे में!

# वेतन बढ़ोतरीए पीएफ.ईएसआई और सुरक्षा सुविधाओं की मांग को लेकर सड़क पर उतरे श्रमिक...

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** बिजली व्यवस्था को चैबीसों घंटे सुचारू रखने वाले वे कर्मचारी, जो तेज बारिश, कड़ाके की ठंड और झुलसा देने वाली गर्मी में अपनी जान जोखिम में डालकर बिजली आपूर्ति बहाल करते हैं, आज खुद अपने हक और सम्मान की लड़ाई लड़ने को मजबूर हैं। शाहपुरा में अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधीन कार्यरत एफआरटी (फॉल्ट रिपेयरिंग टीम) कर्मचारियों ने वर्षों से चले आ रहे आर्थिक शोषण, वेतन वृद्धि नहीं होने और मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखने के विरोध में अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार का ऐलान कर दिया है। कर्मचारियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि अब केवल आश्वासनों से काम नहीं चलेगा, बल्कि सम्मानजनक वेतन और श्रमिक अधिकार मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा। शुक्रवार को एफआरटी कर्मचारियों ने सहायक अभियंता कार्यालय पहुंचकर अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा और 24 जुलाई 2026 से कार्य बहिष्कार शुरू करने की घोषणा कर दी। कर्मचारियों का कहना है कि पिछले चार महीनों से संवेदक संध्या एंड कंपनी लगातार वेतन बढ़ाने का भरोसा दे रही है, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। अब तक न तो वेतन बढ़ा और न ही कर्मचारियों को कोई अन्य सुविधा उपलब्ध कराई गई। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिन कर्मचारियों के भरोसे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था चलती है, उन्हें आज भी महज 7 से 8 हजार रुपये प्रतिमाह में काम करना पड़ रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि पिछले करीब दस वर्षों से उनकी सैलरी में कोई उल्लेखनीय बढ़ोतरी नहीं हुई। महंगाई लगातार बढ़ती रही, लेकिन उनकी आय वहीं की वहीं रह गई। ऐसे में परिवार का भरण-पोषण करना भी मुश्किल हो गया है। एफआरटी कर्मचारियों ने बताया कि वे केवल वेतन वृद्धि की मांग नहीं कर रहे, बल्कि उन बुनियादी सुविधाओं की मांग भी कर रहे हैं जो किसी भी श्रमिक का अधिकार होती हैं। उनका आरोप है कि संवेदक कंपनी उन्हें वेतन के अलावा लगभग कोई सुविधा उपलब्ध नहीं कराती। जबकि बिजली विभाग के सबसे जोखिम भरे कार्यों में एफआरटी कर्मचारी ही सबसे पहले मौके पर पहुंचते हैं। कर्मचारियों का कहना है कि बिजली लाइन में फॉल्ट आने पर रात हो या दिन, बारिश हो या आंधी, सबसे पहले उन्हें ही मौके पर जाना पड़ता है। कई बार जान जोखिम में डालकर बिजली आपूर्ति बहाल करनी पड़ती है। इसके बावजूद उन्हें सुरक्षा उपकरणों की समुचित व्यवस्था नहीं मिलती। कई कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि गुणवत्तापूर्ण सेफ्टी किट, हेलमेट, इंसुलेटेड ग्लव्स, सुरक्षा जूते, रेनकोट, टॉर्च और आवश्यक उपकरण तक समय पर उपलब्ध नहीं कराए जाते। इतना ही नहीं, कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें ईएसआई, पीएफ, बीमा, मेडिकल सुविधा, आकस्मिक दुर्घटना सुरक्षा, ओवरटाइम भुगतान, यात्रा भत्ता, जोखिम भत्ता और अन्य श्रमिक कल्याण योजनाओं का भी समुचित लाभ नहीं मिल रहा। उनका आरोप है कि संवेदक कंपनी केवल काम लेना जानती है, लेकिन कर्मचारियों के अधिकारों और सुविधाओं की ओर कोई ध्यान नहीं देती। ज्ञापन में कर्मचारियों ने बताया कि पिछले चार महीनों के दौरान कई बार सहायक अभियंता कार्यालय में लिखित प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया। अधिकारियों की ओर से आश्वासन भी मिला, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कर्मचारियों का कहना है कि जब हर बार केवल आश्वासन ही मिलता रहा तो आखिरकार उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। एफआरटी कर्मचारियों ने स्पष्ट कहा कि उनकी मांगें पूरी तरह न्यायोचित हैं। वे किसी प्रकार की अनुचित मांग नहीं कर रहे, बल्कि अपने श्रम का उचित मूल्य चाहते हैं। उनका कहना है कि संविधान प्रत्येक श्रमिक को सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार देता है, लेकिन इतनी कम आय में परिवार चलाना असंभव होता जा रहा है। लगातार बढ़ती महंगाई के बीच 7-8 हजार रुपये का वेतन किसी भी श्रमिक के साथ अन्याय और आर्थिक शोषण के समान है। कर्मचारियों ने आंदोलन को और तेज करने की चेतावनी देते हुए कहा कि 24 जुलाई 2026 से शाहपुरा में एफआरटी का कार्य पूरी तरह बंद रहेगा। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। कर्मचारियों ने यहां तक कहा कि यदि उनकी जगह किसी अन्य व्यक्ति से काम कराने का प्रयास किया गया तो उसका भी विरोध किया जाएगा। उनका कहना है कि यह आंदोलन केवल वेतन वृद्धि का नहीं, बल्कि सभी श्रमिकों के सम्मान और अधिकारों की लड़ाई है। श्रमिकों का कहना है कि बिजली व्यवस्था सुचारू रखने में एफआरटी टीम की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। बिजली लाइन टूटने, ट्रांसफार्मर खराब होने, फ्यूज उड़ने या किसी भी तकनीकी खराबी की स्थिति में सबसे पहले यही कर्मचारी मौके पर पहुंचते हैं। कई बार उन्हें जानलेवा परिस्थितियों में भी काम करना पड़ता है। इसके बावजूद उनके कार्य के अनुरूप न तो वेतन मिलता है और न ही सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी सुविधाएं। अब कर्मचारियों की निगाहें अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड और संवेदक कंपनी पर टिकी हैं। यदि समय रहते समाधान नहीं निकला तो कार्य बहिष्कार का असर बिजली व्यवस्था पर भी पड़ सकता है। ऐसे में आम उपभोक्ताओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। फिलहाल शाहपुरा में एफआरटी कर्मचारियों का आंदोलन यह सवाल जरूर खड़ा कर रहा है कि जो कर्मचारी दिन-रात लोगों के घरों में रोशनी पहुंचाने का काम करते हैं, क्या उनके अपने जीवन में भी सम्मान और सुरक्षा की रोशनी पहुंच पाएगी? अब देखना यह होगा कि प्रशासन और संवेदक कंपनी इन श्रमिकों की वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान निकालते हैं या फिर यह आंदोलन आने वाले दिनों में और व्यापक रूप लेता है।

## दो गुदड़ी के लालों ने तैराकी में लहराया परचम,छह रजत पदक जीतकर बढ़ाया राजस्थान का मान




शाहपुरा (भीलवाड़ा)-राजेन्द्र खटीक।

**शाहपुरा**/शाहपुरा प्रतिभा किसी सुविधा की मोहताज नहीं होती। शाहपुरा के होनहार तैराक वीर मीणा और रणवीर मीणा ने सीबीएसई वेस्ट ज़ोन तैराकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर कुल छह रजत पदक जीतते हुए शाहपुरा, भीलवाड़ा और राजस्थान का गौरव बढ़ाया। कोच पंकज ढांका ने बताया कि वीर मीणा ने अपने व्यक्तिगत स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक और 200 मीटर बटरफ्लाई सहित कुल चार रजत पदक जीते। वहीं रणवीर मीणा ने 4म100 मीटर फ्री रिले स्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन कर दो रजत पदक अपने नाम किए। दोनों खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से प्रतियोगिता में राजस्थान की दमदार उपस्थिति दर्ज हुई। प्रतियोगिता के समापन पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता खिलाड़ियों को रजत पदक पहनाकर सम्मानित किया गया। जैसे ही वीर मीणा और रणवीर मीणा विजेता मंच पर पहुंचे, पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। यह क्षण दोनों खिलाड़ियों के साथ-साथ शाहपुरा और पूरे राजस्थान के लिए भी गर्व का विषय बन गया। दोनों खिलाड़ियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर परिवार विद्यालय प्रशिक्षकों खेल प्रेमियों और क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस सफलता का श्रेय खिलाड़ियों के नियमित अभ्यास अनुशासन कठिन परिश्रम तथा कोच पंकज ढांका के कुशल मार्गदर्शन को दिया जा रहा है। सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने वाले इन दोनों खिलाड़ियों ने यह सिद्ध कर दिया कि दृढ़ संकल्प निरंतर अभ्यास और मेहनत के बल पर कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उनकी उपलब्धि प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है।

## ऑस्ट्रेलियाई मां ने एक साथ चार जुड़वा बच्चियों को जन्म दिया

**केनबरा, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया की 34 वर्षीय जेनिथार सौ नाआमोआना ने क्वींसलैंड के रॉयल ब्रिस्बेन एंड विमेंस हॉस्पिटल में एक साथ चार समान जुड़वा बच्चियों को जन्म दिया है। यह एक अत्यंत दुर्लभ प्राकृतिक गर्भावस्था थी, जिसमें एक ही निषेचित अंडाणु चार भागों में विभाजित हो गया। विशेषज्ञों के अनुसार स्वाभाविक रूप से ऐसी स्थिति बनने की संभावना 1.5 करोड़ में से 1 होती है और ऑस्ट्रेलिया में ऐसा पहली बार हुआ है। महिला के पहले से चार बच्चे हैं। डॉक्टरों की देखरेख में 14 जुलाई को सिजेरियन डिलीवरी के जरिये बच्चियों का जन्म हुआ।

## चीनी रक्षा अताशे ने 12 नागरिकों को बचाने के लिए भारतीय सेना का जताया आभार

**बीजिंग, एजेंसी।** भारत में चीन के नए रक्षा अताशे रियर एडमिरल यू जियान ने मंगलवार को चीनी सेना (पीएलए) की 99वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में भारतीय सेना का आभार व्यक्त किया। उन्होंने पिछले साल जून में केरल तट के पास विस्फोट के बाद मालवाहक जहाज से 12 चीनी क्रू सदस्यों को सुरक्षित बचाने के लिए भारतीय सेना को धन्यवाद दिया। उन्होंने दोनों देशों के बीच सैन्य जुड़ाव, संचार और सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया। जियान ने कहा कि चीन और भारत महत्वपूर्ण पड़ोसी हैं। दोनों देशों के साझा हित उनके मतभेदों से कहीं अधिक बड़े हैं।

## उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने 4 तालिबानी लड़ाकों को मार गिराया

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मोहमंद जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों ने एक खुफिया-आधारित अभियान के दौरान तहरीक-ए-तालिबान के चार आतंकवादियों को ढेर कर दिया। पुलिस के अनुसार, इलाके में उग्रवादियों की मौजूदगी की सटीक जानकारी मिलने के बाद यह कार्रवाई शुरू की गई थी। सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच लगभग एक घंटे से अधिक समय तक रुक-रुक कर गोलीबारी जारी रही। मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर दी है और इलाके में छिपे अन्य आतंकवादियों का सफाया करने के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

## भारत से पहली सीधी मालगाड़ी पहुंची नेपाल, द्विपक्षीय व्यापार को मिलेगी रफ्तार

**काठमांडू, एजेंसी।** भारत-नेपाल व्यापार के लिए ऐतिहासिक कदम के तहत कैनोला दानों से लदी मालगाड़ी पहली बार 20 जुलाई को कोलकाता पोर्ट से विराटनगर स्थित नेपाल कस्टम्स यार्ड पहुंची। 40 वैगन वाली यह मालगाड़ी जोगबनी स्थित भारतीय सीमा शुल्क यार्ड के रास्ते पहुंची। नवंबर 2025 में संशोधित भारत-नेपाल पारगमन संधि के बाद इस रेल गलियारे का यह पहला व्यावसायिक उपयोग है। ज्ञात हो कि जोगबनी-विराटनगर ब्रॉडगेज रेल लिंक का उद्घाटन 1 जून 2023 को पीएम नरेंद्र मोदी और तत्कालीन नेपाली पीएम पुष्प कमल दहल प्रचंड ने किया था। भारत से सहायता प्राप्त इस परियोजना से रसद लागत घटेगी और कोलकाता व विशाखापत्तनम बंदरगाहों से माल सीधे नेपाल पहुंचेगा।

## नाइजीरिया में स्वच्छ पानी और स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव में हैजा का प्रकोप, बोर्नी राज्य में 200 लोगों की मौत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** स्वच्छ पानी और पर्याप्त सफाई व स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव में नाइजीरिया के पूर्वोत्तर राज्य बोर्नी में पिछले दो महीनों में हैजा के प्रकोप में लगभग 200 लोगों की मौत हो चुकी है। यह जानकारी एक अंतरराष्ट्रीय चिकित्सा मानवीय संगठन डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडिसिन्स सैन्स फ्रंटियर्स-एमएसएफ भी कहते हैं) ने दी है। बुधवार को स्थानीय समयानुसार जारी एक बयान में एमएसएफ ने बीमारी के बढ़ते प्रकोप पर चिंता व्यक्त की और चेतावनी दी कि चल रहे राहत प्रयासों के बावजूद यह बीमारी स्थानीय स्वास्थ्य सुविधाओं पर भारी पड़ सकती है। एमएसएफ ने बोर्नी राज्य सरकार द्वारा जारी आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 12 जुलाई तक राज्य में कम से कम 198 लोगों की मौत हो चुकी थी और 35,500 से अधिक संदिग्ध मामले सामने आए थे। संगठन ने बताया कि सरकारी स्वास्थ्य अधिकारियों और मानवीय सहायता भागीदारों के साथ मिलकर काम करते हुए उसने 12 जुलाई तक हैजा के संदिग्ध 24,000 से अधिक रोगियों का इलाज किया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, संगठन ने प्रभावित समुदायों में स्वच्छ पानी, स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं की अपर्याप्त उपलब्धता को बीमारी के लगातार फैलने का कारण बताया। अप्रैल में नाइजीरिया के रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र ने भारी बारिश और बाढ़ से जुड़े हैजा के प्रकोप के खतरे को देखते हुए 10 राज्यों को उच्च सतर्कता पर रखा था।

## विधायक गोपाल खंडेलवाल ने नयानगर विद्यालय में डीएमएफटी फंड से निर्मित 44.64 लाख की लागत के 4 कक्षा-कक्षों एवं जलेरी न.1 में डीएमएफटी फंड से निर्मित एक कक्षा-कक्ष का किया लोकार्पण

स्मार्ट हलचल



**बिजौलियाँ** मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने आज नयानगर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में डीएमएफटी फंड से ?44 लाख 64 हजार की लागत से निर्मित 4 नवीन कक्षा-कक्षों तथा जलेरी न.1 में डीएमएफटी फंड से निर्मित एक कक्षा-कक्ष का लोकार्पण कर उन्हें विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार को समर्पित किया। ये सभी कक्षा-कक्ष डीएमएफटी फंड से ही निर्मित हैं। इस मोके पर विधायक खंडेलवाल ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की सुशासन वाली भाजपा सरकार मांडलगढ़ विधानसभा के प्रत्येक क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता ने जो विकास कार्यों की अपेक्षा की, उन्हें प्राथमिकता के साथ स्वीकृति दिलाई गई है तथा आने वाले समय में भी विधानसभा क्षेत्र में अनेक बड़े विकास कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा, चिकित्सा एवं क्षतिग्रस्त सड़कों जैसी मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। विधायक खंडेलवाल ने इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि इस वर्ष के बजट में मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए लगभग ?180 करोड़ के विकास कार्य प्रस्तावित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सा सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से बिजोलिया एवं मांडलगढ़ में क्रमोन्नत उप जिला अस्पतालों के निर्माण कार्य भी शीघ्र प्रारंभ होंगे, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। कार्यक्रम के दौरान विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र कुमार बंजारा, जिला कार्यकारिणी सदस्य गोवर्धन वैष्णव, पंचायत समिति सदस्य हितेंद्र राजोरा, एससीबीओ कन्हैया शर्मा, पायल लुनिवाल, हरिमोहन चित्तौड़ा, जगदीश पुरी, पंकज विजय, मुकेश धाकड़, रमेश धाकड़, गौरू बंजारा, रोडू बंजारा, घासी पटेल, शंकर बंजारा, राजू बंजारा, बूथ अध्यक्ष तारा बंजारा, बहादुर जोगी, विजय सिंह, रतन सिंह सहित विद्यालय परिवार, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## चंद्रशेखर आजाद जयंती पर युवाओं की अनूठी पहल, रक्तदान शिविर में जुटाया 51 यूनिट रक्त

(दिनेश कुमार सुवालका)



**भटेड़ा** - महान स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद की 120वीं जन्म जयंती के पावन अवसर पर डाबला गांव में गुरुवार को एक भव्य और प्रेरणादायक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन कमेटी के ललित सिंह भाटी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों और भगतसिंह मित्र मंडली के सदस्यों द्वारा देश के अमर शहीदों, चंद्रशेखर आजाद और शहीद-ए-आजम भगत सिंह के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर की गई। इस दौरान पूरा माहौल देशप्रेम के नारों से गुंजायमान हो उठा। यह आयोजन भगत सिंह मित्र मंडली के तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें स्थानीय युवाओं और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर के दौरान युवाओं के भारी उत्साह के चलते कुल 51 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। रक्त संग्रहण भीलवाड़ा ब्लड बैंक टीम द्वारा किया गया।इस दौरान सरपंच प्रद्युम्न सिंह राठौड़, महावीर सोनी, ललित भाटी, शेर सिंह राठौड़, दीपक जोशी,अजय पाल सिंह राठौड़, हेमराज गढ़वाल, शेखर सोनी, जगदीश जांगिड़, शान्ति लाल जोशी, दलीचंद बेरवा, राहुल चौधरी आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# यूडीएच मंत्री को वस्त्रनगरी भीलवाड़ा की बदहाल सड़कों और जलभराव की समस्याओं पर सौंपा ज्ञापन

### राजस्थान जन मंच ने खड्डों, अंडरब्रिज में जलभराव और नालों की टूटी दीवारों के शीघ्र समाधान की उठाई मांग, मंत्री ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा ।** वस्त्रनगरी भीलवाड़ा शहर में बरसात के दौरान आमजन को हो रही परेशानियों और लंबे समय से लंबित नागरिक समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर राजस्थान जन मंच ने शुक्रवार को नगरीय विकास एवं आवासन (यूडीएच) मंत्री झाबर सिंह खर्रा को ज्ञापन सौंपा। मंच के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता कैलाश सोनी के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में शहर की जर्जर सड़कों, जानलेवा खड्डों, अंडरब्रिजों में जलभराव तथा बड़े नालों की टूटी हुई दीवारों की ओर मंत्री का ध्यान आकर्षित कराया गया। ज्ञापन में बताया गया कि भीलवाड़ा शहर की मुख्य सड़कों, प्रमुख चौराहों और विभिन्न कॉलोनियों में बने गहरे खड्डे दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। वहीं बारिश के दौरान अंडरब्रिजों में जलभराव होने से यातायात बाधित होता है और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा कई स्थानों पर बड़े नालों की दीवारें क्षतिग्रस्त होने से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। राजस्थान जन मंच ने इन समस्याओं का स्थायी एवं त्वरित समाधान कराने की मांग करते हुए कहा कि जनहित को देखते हुए प्रशासन को प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्यवाही करनी चाहिए। ज्ञापन प्राप्त करने के बाद यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने प्रतिनिधिमंडल को सभी जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इसके पश्चात राजस्थान जन मंच की ओर से मंत्री का प्रभु श्रीराम की भव्य प्रतिमा भेंट कर एवं दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर राजस्थान जन मंच के जिला पदाधिकारी शिवप्रकाश चन्नाल, जयनारायण जोशी, जगदीश सेन, रामचंद्र मुंदड़ा, सौरभ काबरा, अरविंद सेन, लादूलाल गुर्जर, सुभाष गोयल, गोपाल लढ़ा, चिंटू शर्मा सहित संगठन के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## बिजोलिया के वार्ड नंबर 1 में आजादी के दशक बीत जाने पर भी नहीं हुआ सड़क निर्माण

स्थानीय निवासियों ने जताई नाराजगी



**बिजौलियाँ(दीपक राठौर)** बिजोलिया कस्बे के वार्ड नंबर 1 के बासिंदे आजादी के दशक बीत जाने के बाद भी सड़क निर्माण के लिए लंबे अरसे से तरस रहे है बिजोलिया की राजनीति में नेताओं की दशा और दिशा बदलने वाला यह वार्ड अभी भी बदहाली से जूझ रहा है बारिश के दिनों में उक्त मार्ग का यह आलम रहता है कि यह मार्ग बड़े-बड़े गड्ढे मैं तब्दील हो जाता है उक्त गड्ढों में पानी भरने के कारण पास ही एक निजी शिक्षण संस्था में अध्यनरत विद्यार्थियों और कॉलोनीवासीयों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है स्थानीय निवासियों का कहना है कि चुनाव के समय हर बार दोनों प्रमुख पार्टियों के नेताओं द्वारा बस आश्वासन दिया जाता है कॉलोनी वासियों ने जल्द से जल्द उक्त मार्ग पर सड़क निर्माण की मांग की

# गुरला खातीखेड़ा में हेडपंप का प्लेटफार्म नीचे से धंसा, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

### सरपंच से कई बार शिकायत की, कोई सुनवाई नहीं' - ग्रामीण

### चालू हेडपंप के पास जाने से डर रहे लोग, PHED ग्राम पंचायत जिला प्रशासन से तुरंत मरम्मत की मांग

स्मार्ट हलचल

**गुरला:-भीलवाड़ा** जिले की पंचायत समिति सुवाणा की ग्राम पंचायत गुरला के खातीखेड़ा गांव में पेयजल की समस्या विकराल रूप लेती जा रही है। गांव में लगा एकमात्र सरकारी हेडपंप तकनीकी रूप से चालू तो है, लेकिन उसके चारों तरफ बना सीमेंट का प्लेटफार्म पूरी तरह जर्जर हो चुका है। प्लेटफार्म नीचे से धंस गया है और बीच में बड़ा छेद हो गया है। नीचे मिट्टी खिसकने से खाली गड्ढा बन गया है। ऐसे में प्लेटफार्म कभी भी पूरी तरह बैठ सकता है।



**जान जोखिम में डालकर भर रहे पानी**

ग्रामीणों का कहना है कि हेडपंप से पानी तो आ जाता है, लेकिन उसके पास जाना खतरे से खाली नहीं है। जंग लगे पाइप, टूटी हुई सीमेंट की प्लेट और काई के कारण चारों तरफ फिसलन है। बरसात के बाद स्थिति और खराब हो गई है। ग्रामीण लादुसिंह, श्रवण सिंह और सतु सिंह श्याम लाल सुथार राजु सुथार ने बताया कि 'ये हेडपंप पिछले कई महीनों से इसी हालत में पड़ा है। प्लेटफार्म के नीचे से मिट्टी निकल गई है। अगर कोई भारी बर्तन लेकर पानी भरने जाएगा तो प्लेटफार्म धंस जाएगा। बच्चों और बुजुर्गों को तो हम पास भी नहीं जाने देते।'

**'सरपंच से शिकायत की, कोई सुनता ही नहीं'**

ग्रामीण लादू सिंह ने नाराजगी जताते हुए कहा कि 'हमने सरपंच को कई बार इस हेडपंप की शिकायत की। उनको फोटो भी दिखाए और मौके पर भी ले गए। लेकिन हमारी कोई सुनवाई नहीं होती। बोलते हैं PHED को लिखेंगे, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब तो डर लगता है कि कहीं कोई हादसा न हो जाए।' ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और अधिकारी गांव की मूलभूत समस्या की तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं। मजबूरी में ग्रामीण जान जोखिम में डालकर यहीं से पानी भरने को मजबूर हैं।

**बीमारी का भी खतरा**

हेडपंप के चारों तरफ गंदगी, काई और भरे हुए पानी के कारण मच्छर और कीड़े-मकोड़े पनप रहे हैं। टूटे हुए प्लेटफार्म के अंदर गंदगी और मिट्टी जमा हो गई है। ग्रामीणों को डर है कि अगर इसी तरह पानी भरा गया तो दूषित पानी से बीमारियां फैल सकती हैं।

**प्रशासन से मांग**

ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर, PHED के अधिशासी अभियंता और ग्राम पंचायत प्रशासन से मांग की है कि हादसा होने से पहले इस हेडपंप के चारों तरफ नया पक्का प्लेटफार्म बनवाया जाए। साथ ही आसपास पक्का नाला और साफ-सफाई की व्यवस्था भी करवाई जाए, ताकि ग्रामीणों को सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल मिल सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते मरम्मत नहीं हुई तो बरसात में कोई बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन और पंचायत की होगी।

## अफीम डोडाचूरा नष्टीकरण का तहसील कोटड़ी के 17 गांवों का शिविर



स्मार्ट हलचल

**आकोला** खजीना में आबकारी विभाग द्वारा अफीम डोडाचूरा नष्टीकरण का तहसील कोटड़ी के 17 गांवों का शिविर भैरूंनाथ मंदिर पर आयोजित किया गया। सभी अफीम किसानों ने एक स्वर में डोडाचूरा का 2000 रू. मुआवजा देने की बात की अथवा स्वघोषणा पत्र लेकर डोडाचूरा को स्वयं के खेत में जैविक खाद के रूप में प्रयोग की स्वीकृति की मांग की। भारतीय किसान संघ के प्रदेश अफीम आयाम प्रमुख बद्रीलाल जाट, जिला अफीम आयाम प्रमुख रामपाल जाट, तहसील अफीम आयाम प्रमुख भंवरलाल सुथार, भंवरलाल जाट, तहसील अध्यक्ष कन्हैयालाल कुम्हार, मंत्री भैरूंलाल जाट के अलावा सभी गांवों के अफीम लम्बरदार और सैंकड़ों अफीम किसान उपस्थित थे। खजीना, आकोला , होलीरड़ा, खारोंकाखेड़ा, शोपुरा, सवाईपुर, सालरिया, जीत्यास, जावल, किशनगढ़, रामनगर, गपेसरा, बीरम्यास, देवरिया, गोराकाखेड़ा, दांतड़ा छोटा इत्यादि गांवों के सैंकड़ों किसान उपस्थित थे। किसानों ने जोरदार प्रदर्शन करके प्रभारी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

# आत्मशांति से सर्वजीव मंगल तक की साधना है 'ओम शांति' जाप : युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी

स्मार्ट हलचल




**भीलवाड़ा** ओम शांति, शांति, शांति जिनेश्वर शांति करो, सभी जीवों को सुखी करो' हमारी परंपरा में प्रचलित ऐसा मंगल जाप है, जिसमें व्यक्ति की साधना आत्मशांति से आगे बढ़कर समस्त जीवों के सुख और कल्याण की मंगलकामना से जुड़ती है। यह बात शांतिभवन में चातुर्मासार्थ विराजित श्रमणसंघीय युवाचार्य महेन्द्र ऋषि जी ने आयोजित सामूहिक 'ओम शांति' जाप का महत्व श्रद्धालुओं को बताते हुए कही। उन्होंने कहा कि तीर्थंकर परमात्मा अनंत चतुष्टय को प्रकट करने की सामर्थ्य रखने वाले हैं। ऐसे परमात्मा की देशना जिनवाणी के प्रति श्रद्धा और आस्था जीवन को आत्मकल्याण की दिशा में अग्रसर करती है। युवाचार्यश्री ने कहा कि 'ओम शांति' हमारी परंपरा में चला आ रहा पारंपरिक जाप है, जिसे केवल शब्दों का उच्चारण नहीं, बल्कि उसके आध्यात्मिक भाव को समझकर करना चाहिए। 'ओम' भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में प्रणव के रूप में प्रतिष्ठित है। इसके साथ 'शांति' का स्मरण साधक को अपने भीतर की ओर उन्मुख करता है और मन में उठने वाले आवेगों के शमन की दिशा में प्रेरित करता है। शांति का अर्थ केवल बाहरी वातावरण का शांत होना नहीं है। क्रोध, मान, माया, लोभ और अन्य कषाय जब भीतर अशांति उत्पन्न करते हैं, तब उन आवेगों का शमन ही वास्तविक शांति है। जिस प्रकार पीड़ा का उपचार होने पर वेदना शांत होती है, उसी प्रकार कषायों का प्रभाव क्षीण होने पर भीतर शांति का अनुभव होता है। वास्तविक शांति परिस्थितियों के बदलने से नहीं, अपने भावों को साधने से प्राप्त होती है। भगवान शांतिनाथ के नाम की महिमा बताते हुए उन्होंने कहा कि परमात्मा के नाम में भी विशेष सामर्थ्य है। संसार के संताप से व्याकुल जीव के लिए परमात्मा का नाम उसी प्रकार शीतलता प्रदान करता है, जैसे प्रचंड गर्मी से संतप्त पथिक को कमल-सरोवर से आती शीतल हवा राहत देती है। श्रद्धा से किया गया नामस्मरण मन को एकाग्र करता है और साधक को भीतर से संभलने का संबल देता है। हमारे पूर्वाचार्यों ने परमात्मा के नाम, गुण और स्तवन की महिमा को गहराई से स्वीकार किया है। नामस्मरण की सार्थकता केवल शब्दों के उच्चारण में नहीं, बल्कि श्रद्धा और भावना में है। जाप की लय मन को एकाग्र करती है और सामूहिक जाप साधकों को एक मंगलभाव में जोड़ता है। श्रद्धा, लय और भावना का यह समन्वय जाप को साधना का स्वरूप प्रदान करता है। आत्मिक शांति की साधना के संदर्भ में उन्होंने कहा कि संसार की अशांति को शांत करने की शुरुआत स्वयं के भीतर से करनी होगी। अपने भीतर उठने वाले भावों को पहचानना और उन्हें संयमित करना मनुष्य के हाथ में है। क्रोध के स्थान पर क्षमा,द्वेष के स्थान पर मैत्री, लोभ के स्थान पर संतोष और अहंकार के स्थान पर विनय का भाव विकसित करना ही आत्मिक शांति की दिशा में वास्तविक पुरुषार्थ है। उन्होंने बताया जैन धर्म की मंगलकामना केवल अपने सुख तक सीमित नहीं है। जिनेश्वर शांति करो, सभी जीवों को सुखी करो' में जीवमात्र के प्रति करुणा और मंगलभाव की व्यापक भावना है। जब भावना अपने सुख से आगे बढ़कर प्रत्येक जीव के मंगल तक पहुंचती है, तब आराधना का वास्तविक विस्तार होता है। जाप की सार्थकता को जीवन से जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि 'ओम शांति' का स्मरण तभी सार्थक है, जब उसका प्रभाव मनुष्य के जीवन और व्यवहार में दिखाई दे। यदि जाप के बाद भी मन में क्रोध, द्वेष और अशांति बनी रहे, तो साधक को अपने भावों की ओर देखना होगा। जाप की परिणति मन की निर्मलता, वाणी की मधुरता, व्यवहार की सहजता और जीवमात्र के प्रति मैत्री में होनी चाहिए। अपने भीतर के कषायों के शमन का पुरुषार्थ और समस्त जीवों के लिए मंगल की भावना इन दोनों का समन्वय ही 'ओम शांति' जाप की वास्तविक साधना है। शांति की शुरुआत अपने अंतर्मन से होकर समस्त जीव जगत तक पहुंचे, प्रत्येक हृदय में मंगलभाव जागृत हो और प्रत्येक जीव सुख को प्राप्त करे यही इस पारंपरिक जाप की सार्थकता है। शांतिभवन के मंत्री नवरतनमल भलावत ने बताया कि सामूहिक ओम शांति' जाप में चातुर्मासार्थ विराजित यशोदिप्ती मधुकंवरजी उपप्रवर्तिनी दिव्यज्योतिजी,महासती सुचेता जी साध्वी प्रियदर्शनाजी आदि साध्वीवृंद सहित शांतिभवन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।इस अवसर पर नवदीक्षित महक ऋषिजी के जन्मदिवस पर उपस्थित साधु-साध्वीवृंद एवं श्रद्धालुओं ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## गुल अली नगरी में पेयजल संकट को लेकर जनहित याचिका दायर, स्थाई लोक अदालत पहुंचा मामला




स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** गुल अली नगरी क्षेत्र में लंबे समय से बनी हुई पेयजल समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर SDPI जिला कार्यकारिणी एवं एडवोकेट मोहम्मद इमरान रंगरेज ने जनहित में स्थाई लोक अदालत में परिवाद प्रस्तुत किया है। परिवाद में बताया गया है कि गुल अली नगरी के निवासी लंबे समय से गंभीर पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। क्षेत्र में बिछी पानी की पाइपलाइन अत्यंत पुरानी और संकरी होने के कारण पर्याप्त दबाव से पानी की आपूर्ति नहीं हो पाती। कई स्थानों पर गंदा एवं बदबूदार पानी भी सप्लाई होता है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बनी रहती है। इसके अलावा ट्यूबवेल से भी पर्याप्त मात्रा में पानी की आपूर्ति नहीं होने के कारण आमजन को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। परिवादकर्ता एडवोकेट मोहम्मद इमरान रंगरेज ने बताया कि इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए उन्होंने समय-समय पर अधिशासी अभियंता, जलदाय विभाग, जिला कलेक्टर, भीलवाड़ा तथा राजस्थान संपर्क पोर्टल पर कई शिकायतें दर्ज करवाईं और ज्ञापन भी सौंपे। इसके बावजूद संबंधित विभागों द्वारा समस्या के स्थायी समाधान के लिए कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, जिससे क्षेत्रवासियों में भारी नाराजगी है। स्थाई लोक अदालत में दायर परिवाद के माध्यम से मांग की गई है कि गुल अली नगरी में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुरानी एवं संकरी पाइपलाइन को बदलकर नई पाइपलाइन बिछाई जाए, गंदे एवं बदबूदार पानी की आपूर्ति तत्काल रोकी जाए तथा क्षेत्र के लिए पर्याप्त एवं नियमित पेयजल उपलब्ध कराने हेतु स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। एडवोकेट मोहम्मद इमरान रंगरेज ने कहा कि स्वच्छ पेयजल प्रत्येक नागरिक का मूल अधिकार है और प्रशासन का दायित्व है कि आमजन को सुरक्षित एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने उम्मीद जताई कि स्थाई लोक अदालत के हस्तक्षेप से क्षेत्रवासियों को लंबे समय से चली आ रही इस गंभीर समस्या से राहत मिलेगी!

## बिना वर्दी के राष्ट्र नायकों का किया सम्मान, 51 पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



## लायंस क्लब ने सफाई कर्मियों और सुरक्षा गार्ड्स का किया अभिनंदन

स्मार्ट हलचल

**कोटा,** लायंस क्लब कोटा ने शुक्रवार को हमारे राष्ट्र के बिना वर्दी के नायक थीम पर आधारित सेवा कार्यक्रम आयोजित किया।अध्यक्ष रमेश शर्मा ने बतया कि कार्यक्रम के तहत समाज को स्वच्छ और सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 11 सफाई कर्मियों एवं सुरक्षा गार्ड्स का शॉल ओढ़ाकर, माल्यार्पण कर एवं सम्मान-पत्र भेंट कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10:30 बजे राजीव गांधी नगर स्थित स्काईलाइन परिसर में हुआ। सचिव लक्ष्मीकांत पारीक ने बताया कि सुबह 11 बजे कोमल पथ, राजीव गांधी नगर में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से वृहद पौधारोपण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 51 फलदार, छायादार एवं पुष्पीय पौधे रोपे गए। क्लब सदस्यों ने पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया। अध्यक्ष लायन रमेश चंद्र शर्मा ने कहा कि समाज के वास्तविक नायक वे लोग हैं, जो प्रतिदिन निस्वार्थ भाव से स्वच्छता और सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाते हैं। इस अवसर पर क्लब सचिव लक्ष्मीकांत पारीक, कोषाध्यक्ष विजय काबरा,कल्पना शर्मा, राजकुमार लड्ढा, ऊष्मा लड्ढा, प्रमिला पारीक, एमजेएफ अजय कुमार गुप्ता, जुगल किशोर सोनी,जे.पी. गुप्ता, प्रभा विजयवर्गीय सहित अनेक सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## रोटरी क्लब पद्मिनी का मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

### गर्भवती महिलाओं को प्रीनेटल केयर, टीकाकरण और नवजात देखभाल की दी विस्तृत जानकारी

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रोटरी क्लब पद्मिनी द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। क्लब अध्यक्ष दीप्ति राजावत ने बताया ?कि कार्यक्रम में 25 से अधिक गर्भवती महिलाओं, माताओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर विशेषज्ञों से स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।



सेमिनार में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रीति शर्मा ने गर्भावस्था के दौरान आवश्यक प्रीनेटल केयर, नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, मातृ स्वास्थ्य, गर्भावस्था में अनिवार्य टीकाकरण तथा शिशु के स्वास्थ्य एवं टीकाकरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने संस्थागत प्रसव के महत्व पर बल देते हुए उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की समय रहते पहचान, सुरक्षित प्रसव, स्तनपान की उपयोगिता तथा नवजात शिशु की समुचित देखभाल के बारे में भी विस्तार से मार्गदर्शन किया। डॉ. शर्मा ने कहा कि स्वस्थ मां, स्वस्थ शिशु और स्वस्थ परिवार की अवधारणा को साकार करने के लिए गर्भावस्था के दौरान नियमित चिकित्सकीय परामर्श, संतुलित पोषण और समय पर टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान आयोजित इंटरैक्टिव सत्र में महिलाओं ने गर्भावस्था एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका डॉ. शर्मा ने सरल एवं वैज्ञानिक तरीके से समाधान प्रस्तुत किया। रोटरी क्लब पद्मिनी की अध्यक्ष दीप्ति राजावत ने बताया कि अभियान का उद्देश्य मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के साथ महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना है। कार्यक्रम के समापन पर सोनिया लाखोटिया एवं मंजू यादव के सहयोग से सभी प्रतिभागी महिलाओं को पोषक आहार किट एवं फल वितरित किए गए।

## विधायक गोपाल खंडेलवाल ने किया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का आह्वान

**किशनगढ़ खेल स्टेडियम में 500 पौधों का पौधरोपण, विद्यालय में स्टाफ बढ़ाने व कला संकाय खोलने की उठी मांग**

स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी** मुख्यमंत्री हरियालो राजस्थान अभियान के तहत शुक्रवार को ग्राम पंचायत किशनगढ़ स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल स्टेडियम में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए करीब 500 विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मांडलगढ़ विधायक गोपाल लाल खंडेलवाल ने पौधारोपण कर किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी नागरिकों से अपनी मां के




नाम कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। आज लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण और बेहतर भविष्य का आधार बनेगा। इस अवसर पर निवर्तमान उप जिला प्रमुख शंकरलाल गुर्जर, रामस्वरूप गुर्जर, अंबेश भवानी शंकर चौधरी, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश पाराशर, विधानसभा प्रभारी अनिल पारीक तथा विद्यालय की प्रधानाचार्य शिरीन परवीन सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भी पौधारोपण किया। कार्यक्रम के दौरान निवर्तमान उप जिला प्रमुख शंकरलाल गुर्जर ने ग्राम किशनगढ़ में खेल स्टेडियम के निर्माण एवं क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए विधायक गोपाल लाल खंडेलवाल का आभार व्यक्त किया। वहीं विद्यालय प्रशासन ने विधायक को विद्यालय में शिक्षकों एवं स्टाफ की कमी से अवगत कराया तथा कला संकाय शुरू करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। विधायक ने विद्यार्थियों के हित में मांगों पर सकारात्मक विचार का आश्वासन दिया। आयोजकों ने बताया कि ग्राम पंचायत किशनगढ़ एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में इस वर्ष करीब 2000 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संदेश दिया।

## ब्यावर में जीव दया सेवा संस्था की मिसाल: 7 दिनों में 17 जंगली कछुओं का रेस्क्यू, वन विभाग को सौंपा

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** पर्यावरण एवं वन्य जीव संरक्षण की दिशा में कार्यरत श्री जीव दया सेवा संस्था ने सराहनीय पहल करते हुए पिछले सात दिनों में विभिन्न स्थानों से 17 जंगली कछुओं को सुरक्षित रेस्क्यू किया है। संस्था ने इन सभी कछुओं को वन विभाग के सुपुर्द कर दिया है, जिन्हें जल्द ही उनके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित छोड़ा जाएगा। संस्था के सचिव कपिल सेन ने बताया कि कछुए प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र और जलाशयों को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेकिन जानकारी के अभाव या लालच में आकर कुछ लोग इन्हें घरों में पाल लेते हैं या इनकी खरीद-फरोख्त करते हैं, जो कि पूरी तरह से गैरकानूनी है।



### घर में कछुआ पालने पर होगी 7 साल की जेल

सचिव कपिल सेन ने सचेत करते हुए कहा कि भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत अधिकांश देशी कछुए संरक्षित वन्यजीव की श्रेणी में आते हैं। इन्हें पकड़ना, बेचना, खरीदना या घर में पालतू बनाकर रखना कानूनी अपराध है। ऐसा करने पर 7 वर्ष तक का कारावास और भारी जुर्माने का प्रावधान है। संस्था ने आमजन से अपील की है कि यदि कहीं भी संकटग्रस्त वन्य जीव दिखे या कोई इसे अवैध रूप से रखे हो, तो उसकी सूचना तुरंत वन विभाग या संरक्षण संस्थाओं को दें।

## विद्युत विभाग के टीएसपी कार्मिकों ने संभागीय आयुक्त और मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन पदों के पुनर्गठन और विसंगतियां दूर करने की मांग

स्मार्ट हलचल

**उदयपुर,** उर्जा विभाग के अंतर्गत अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के जनजाति उपयोजना क्षेत्र के कार्मिकों ने अपनी विभिन्न ज्वलंत मांगों को लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री, ऊर्जा मंत्री और संभागीय आयुक्त सहित उच्चाधिकारियों के नाम ज्ञापन सौंपा है। टीएसपी संयुक्त संघर्ष समिति (विद्युत विभाग कार्मिक)श् के बैनर तले सौंपे गए इस ज्ञापन में कार्मिकों ने टीएसपी क्षेत्र में पदों के दोषपूर्ण वर्गीकरण को दुरुस्त करने और पदों के पुनर्गठन की पुरजोर मांग की है। समिति के प्रतिनिधियों ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा 19 मई, 2018 को जारी नवीन टीएसपी के बाद बरकरार:



अधिसूचना के बावजूद अजमेर विद्युत वितरण निगम के कार्यालयों में पदों का वर्गीकरण अत्यंत दोषपूर्ण है। कई कार्यालयों में पद ही सृजित नहीं किए गए हैं, जिसके कारण स्थानीय टीएसपी कार्मिकों को नई नियुक्तियों, पदोन्नति के अवसरों में कमी और पसंदीदा पदस्थापन जैसे लाभों से वंचित होना पड़ रहा है। इसके अलावा, टीएसपी क्षेत्रों में गैर-टीएसपी (नॉन-टीएसपी) कार्मिकों को लगाए जाने से स्थानीय युवाओं और कर्मचारियों में भारी असंतोष है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से उदयपुर मुख्यालय पर 75: पदों का पुनर्गठन करने वृत व उप-खण्ड कार्यालयों में पदों का वर्गीकरण करने अजमेर मुख्यालय पर 30 प्रतिषतः आरक्षण और नॉन-टीएसपी कार्मिकों को हटाने की मांग करते हुए समस्याओं के त्वरित निस्तारण की मांग की है। समिति के पदाधिकारियों (लेखा, इंजीनियरिंग, मंत्रालयिक और तकनीकी कार्मिक) ने चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि यदि विभाग और सरकार ने इस विसंगति को जल्द दूर नहीं किया, तो कार्मिकों को अपने न्याय और हक के लिए संघर्ष तेज करना पड़ेगा। उन्होंने अधिकारियों से इस संबंध में आवश्यक और त्वरित कार्रवाई करने की पुरजोर अपील की है।

## एक सप्ताह में अवैध खनन के खिलाफ लगातार दूसरी बड़ी कार्यवाही, बजरी भरा ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



स्मार्ट हलचल

**ब्यावर/बर।** क्षेत्र में अवैध खनन एवं बजरी माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बर पुलिस ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए अवैध बजरी का परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। थाना बर पुलिस की इस लगातार दूसरी बड़ी कार्यवाही से अवैध बजरी परिवहन करने वालों में हड़कंप मच गया है।

### विशेष अभियान के तहत हुई कार्यवाही

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (अपराध शाखा, राजस्थान, जयपुर) द्वारा राज्य में सुदृढ कानून व्यवस्था स्थापित करने तथा विभिन्न अपराधों के विरुद्ध कठोर व प्रभावी कार्यवाही करने के उद्देश्य से 20 जुलाई 2026 से 20 अगस्त 2027 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक ब्यावर रतनसिंह (IPS) के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ब्यावर अनुकृति उज्जैनिया (RPS) एवं उप अधीक्षक पुलिस (वृताधिकारी वृत रायपुर) बंशीलाल पाण्डर के निकटतम सुपरविजन में बर थानाधिकारी पन्नालाल (उप निरीक्षक) मय टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए अवैध बजरी परिवहन में लिप्त ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर नियमानुसार अग्रिम कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

## भाजपा नगर मंडल के पूर्व महामंत्री महावीर माली सहित चार नामजद पर मारपीट, तोड़फोड़ व लूट का मामला दर्ज

**प्रेम प्रसंग की रंजिश में चप्पल रिपेयर की दुकान पर हमला, महिला गंभीर घायल; सोने के कुंडल छीनने का भी आरोप**

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा** कस्बे के नया बाजार क्षेत्र में प्रेम प्रसंग से उपजी कथित रंजिश के चलते चप्पल रिपेयर की दुकान पर हमला, मारपीट, तोड़फोड़ और लूट का मामला सामने आया है। पीड़ित की रिपोर्ट पर शाहपुरा थाना पुलिस ने भाजपा नगर मंडल शाहपुरा के पूर्व महामंत्री महावीर माली सहित चार नामजद आरोपियों और अन्य लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस में दर्ज एफआईआर के अनुसार नया बाजार निवासी प्रेमशंकर पुत्र दुर्गालाल सोनी ने शिकायत में बताया कि 22 जुलाई को दोपहर करीब 3 बजे महावीर माली, शंकर माली, विक्रम माली और अजय माली अपने अन्य साथियों के साथ लकड़ी के डंडे लेकर




उसकी चप्पल रिपेयर की दुकान पर पहुंचे। आरोप है कि आरोपियों ने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी और दुकान में रखे सामान के साथ तोड़फोड़ की। शिकायत के अनुसार जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसकी पत्नी श्यामा देवी तथा दुकान पर कार्य कर रहे पुत्र श्रीराम के साथ मारपीट कर दी। हमले में श्यामा देवी के सिर पर गंभीर चोटें आईं, जिन्हें उपचार के लिए राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं श्रीराम के कानों से सोने के कुंडल खींचकर छीन लेने का भी आरोप लगाया गया है। एफआईआर में घटना के पीछे प्रेम प्रसंग से जुड़ी रंजिश का भी उल्लेख किया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार 20 जुलाई को उसके छोटे भाई के पुत्र आयुष सोनी और पड़ोसी की पुत्री अंजली माली के घर से लापता होने के बाद दोनों परिवारों के बीच विवाद की स्थिति बनी हुई थी। पीड़ित का आरोप है कि इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से दुकान पर हमला किया। शाहपुरा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 115(2), 126(2), 333 एवं 324(4) के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना हेड कांस्टेबल राजवीर सिंह को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि प्रकरण की निष्पक्ष जांच की जा रही है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# आरोप : फर्जी दस्तावेजों से काम कर रहे भारतीय को-ऑपरेटिव ग्रामीण विकास निर्माण लिमिटेड के सारे पदाधिकारी !

स्मार्ट हलचल

**कानपुर।** भारतीय को-ऑपरेटिव ग्रामीण विकास निर्माण लिमिटेड के नाम पर लगभग 70 करोड़ के वित्तीय घोटाले का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। यह एक ऐसा घोटाला है जो चोरी छुपे नहीं बल्कि खुलेआम किया गया है। जानकारी के मुताबिक इसी दौरान महाप्रबंधक पवन कुमार पांडेय द्वारा करोड़ों के इस घोटाले की कमाई से खरीदी गई संपत्तियों का भी विवरण देते हुए उच्च स्तरीय जांच एवं संपत्ति कुर्की करने की भी मांग की गई है। इससे संबंधित विवरण शिकायत पत्र के रूप में उत्तराखंड शासन को भी भेजा जा चुका है ,जिसका विवरण भारतीय को-ऑपरेटिव ग्रामीण विकास एवं निर्माण लिमिटेड (देहरादून/लखनऊ) द्वारा उत्तराखंड राज्य में सांसद निधि एवं खेलकूद विभाग महानिदेशक विभाग व अन्य विभाग सरकारी निर्माण कार्यों में बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी और शासकीय धन का गबन किये जाने,फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कार्य करने, निगम' मतलब सरकारी संस्था के रूप में न केवल प्रदर्शित करने बल्कि भ्रामक तथ्यों के आधार पर शासन में खुद को निर्माण कार्य हेतु




सूचीबद्ध भी करवाने, नियम विरुद्ध भारतीय शब्द का प्रयोग करने और 40 करोड़ रुपये का जीएसटी सरकारी खजाने में जमा नहीं करने, गबन के धन से लखनऊ में चार आलीशान मकान, पांच गाड़ियां, जनपद गोंडा (ग्राम पंचायत बेलसर) में कृषि भूमि और दो स्कूल जनपद लखनऊ आदि जैसी बेहिसाब बेनामी संपत्ति अपनी पत्नी, बेटे और स्वयं के नाम पर अर्जित करने, देहरादून, उत्तराखंड में लगभग 2000 वर्ग फीट का आवासीय मकान एवं एक आलीशान फ्लैट आदि जैसी सच्चाई से जुड़ा है। अवैध रूप से अर्जित संपत्ति के प्रमुख विवरण में जीतमणी भट्ट ,वीरेन्द्र सिंह पुत्र हरचरण सिंह की जमीन भी शामिल है। इसका जिल्द नम्बर 8294 पेज संख्या 231 से 290, पवन कुमार पाण्डेय पुत्र गिरीश दत्त पाण्डेय, देहरादून, चतुर्थ ,2000000 ,1756000 अंकित है। सूत्रों से अब तक मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय कोऑपरेटिव ग्रामीण विकास एवं निर्माण लिमिटेड नामक यह संस्था मूल रूप से एक गैर-सरकारी संगठन यानी एन जी ओ है, जो उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों बस्ती, लखनऊ, मिर्ज़ापुर में पूर्व से ही ब्लैकलिस्टेड भी है। यहीं नहीं इस संस्था के विरुद्ध उत्तर प्रदेश के बस्ती, लखनऊ, मिर्ज़ापुर एफ आई आर भी दर्ज है। लगाए गए आरोपों के मुताबिक फ्राड के रूप में चर्चित भारतीय कोऑपरेटिव ग्रामीण विकास एवं निर्माण लिमिटेड संस्था ने मुख्यमंत्री , कैबिनेट और शासन को गुमराह करते हुए खुद को उत्तराखंड राज्य में एक 'निगम' मतलब सरकारी संस्था के रूप में न केवल प्रदर्शित किया बल्कि भ्रामक तथ्यों के आधार पर शासन में खुद को निर्माण कार्य हेतु सूचीबद्ध भी करवा लिया। इसका एक घोटाला चार्ज से भी संबंधित है। नियमानुसार 6.5' का पसेंटेज चार्ज केवल विशुद्ध सरकारी निर्माण एजेंसियों को ही अनुमन्य होता है। परंतु इस गैर-सरकारी संस्था ने खुद को सरकारी बताकर अवैध रूप से करोड़ों रुपये के पसेंटेज चार्ज का लाभ कमाया है। इसी के साथ एक नियम विरुद्ध अपराधिक कारनामा भारतीय शब्द का प्रयोग करने का भी है, जबकि सेंट्रल रजिस्ट्रार और भारत सरकार के नियमों/अधिसूचना के अनुसार कोई भी निजी या गैर-सरकारी संस्था अपने नाम के आगे 'भारतीय' शब्द का प्रयोग इस तरह नहीं कर सकती, जिससे सरकारी होने का भ्रम पैदा हो। संस्था ने इस नियम का भी स्पष्ट उल्लंघन किया है। पत्र में आगे या भी कहा गया है कि संस्था द्वारा लगभग 40 करोड़ रुपये का जीएसटी सरकारी खजाने में जमा नहीं करके गंभीर वित्तीय अपराध भी खुले आम किया गया है। जानकारी के मुताबिक इस संस्था में कार्यरत कथित महाप्रबंधक 'पवन कुमार पांडे' और अन्य तकनीकी अधिकारी मसलन अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता, अवर अभियंता, परियोजना प्रबंधक आदि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कार्य कर रहे हैं। इस फर्जीवाड़े और गबन के धन से पवन कुमार पांडे द्वारा लखनऊ में चार आलीशान मकान, पांच गाड़ियां, जनपद गोंडा (ग्राम पंचायत विल्सन) में कृषि भूमि और दो स्कूल आदि जैसी बेहिसाब बेनामी संपत्ति अपनी पत्नी, बेटे और स्वयं के नाम पर अर्जित की गई है। यह भी आशंका व्यक्त की गई है कि यदि प्रभावी कार्यवाही के रूप में इस संस्था के खिलाफ तत्काल प्रभाव से रोक नहीं लगाई गई, तो आने वाले समय में यह संस्था लगभग 500 करोड़ रुपये से अधिक के सरकारी कार्यों का धन समेटकर फरार हो सकती है।

## एनडीपीएस एक्ट में 1 साल से फरार 3 हजार का इनामी आरोपी चढ़े बार पुलिस के हत्थे

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर/बार।** जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह (IPS) के निर्देशानुसार वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत बार थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एनडीपीएस (NDPS) एक्ट के मामले में पिछले 01 साल से अधिक समय से फरार चल रहे ?3,000 के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**तकनीकी टीम और साइबर सेल की मदद से मिली सफलता**

थानाधिकारी समजिदा बानू (पुलिस निरीक्षक) ने बताया कि थाना बार में दर्ज प्रकरण संख्या 01/2025 (धारा 8/18, 8/29 NDPS Act) का आरोपी लोकेशचंद भट्ट पुत्र स्व. मनोहरलाल (उम्र 30 वर्ष, निवासी भट्टों का बामणीया, थाना कपासन, जिला चित्तौड़गढ़) मामला दर्ज होने के बाद से ही लगातार फरार चल रहा था। आरोपी पुलिस से बचने के लिए बार-बार अपने ठिकाने बदल रहा था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया (**?राजस्थान पत्रिका?**) एवं वृत्ताधिकारी मसूदा शिवराज सिंह (RPS) के सुपरविजन में बार पुलिस व जिला साइबर सेल की एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी अनुसंधान और भौतिक साक्ष्यों के विश्लेषण के आधार पर आरोपी के संदिग्ध ठिकानों की जानकारी जुटाई।

**विशेष रणनीति के तहत दबिश देकर आरोपी को डिटेन किया गया, जिसे पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया**

पुलिस टीम में इनकी रही मुख्य भूमिका कार्रवाई करने वाली टीम में थानाधिकारी समजिदा बानू, जिला साइबर सेल प्रभारी सरफराज (स्ट्ठ), कांस्टेबल रामप्रसाद, बीरबल, पवन, साइबर सेल के नैनासिंह, राजूराम (रिजर्व पुलिस लाइन) और सत्य कुमार (थाना बदनौर) शामिल रहे।

## ए.आर.टी.ओ.श्री शांति भूषण की बडी कार्यवाही

# तिकुनिया क्षेत्र में 28 वाहनो का किया निरुद्ध तथा 43 वाहनो के विरुद्ध चालान की कार्यवाही

स्मार्ट हलचल

**लखीमपुर खीरी।** परिवहन आयुक्त महोदय उत्तर प्रदेश द्वारा जारी निर्देशो के अनुपालन में उत्तर प्रदेश में भिन्न-2 प्रवर्तन अभियान चलाये जा रहे है जिस क्रम में जनपद में आज सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन श्री शांति भूषण पाण्डेय द्वारा विशेष अभियान चलाकर तिकुनिया क्षेत्र में प्रवर्तन कार्यवाही की गयी श्री पाण्डेय द्वारा बताया गया कि उन्होने अपने प्रवर्तन दल के साथ मिल कर आज थाना शारदानगर ढकेरवा पढ़ुआ निघासन एवं सिंगाही में कुल 28 वाहनो के विरुद्ध बन्द की तथा 43 वाहनो के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गयी है। श्री पाण्डेय ने बताया कि उक्त कार्यवाही परमिट शर्तो के विरुद्ध, क्षमता से अधिका सवारी ढोना, ओवरलोडिंग, फिटनेस फेल एवं परमिट शर्तो के विरुद्ध कार्यवाही की गयी

**जिला बस आपरेटर्स द्वारा की गई शिकायतो के क्रम में कार्यवाही।**

श्री पाण्डेय ने बताया कि जिला बस आपरेटर्स द्वारा परिवहन आयुक्त महोदय को पृष्ठांकित ज्ञापन देकर स्टेज कैरिज मार्ग पर अनाधिकृत रुप से संचालित हो रहे यात्री वाहनो की शिकायत की गयी तथा उक्त शिकायत के क्रम में स्टेज कैरिज मार्ग पर अपर परिवहन आयुक्त प्रवर्तन उत्तर प्रदेश द्वारा विशेष अभियान चलाने के निर्देश प्राप्त होने के उपरान्त कार्यवाही की गयी तथा आज की कार्यवाही मे मुख्य स्टेज कैरिज मार्ग पर संचालित हो रहे ई-रिक्शा एवं परमिट शर्तो का उल्लघंन करते हुए यात्री वाहनो के विरुद्ध कार्यवाही भी गयी।

**स्कूल वाहनो पर भी कसा गया शिकंजा**

श्री पाण्डेय ने बताया कि उक्त मार्ग पर ही संचालित आधारशिला ऐकडमी की बस जिसके सभी प्रपत्र अवैध पाये गये तथा बच्चो का संचालन करते हुए पायी गयी को निरुद्ध किया गया तथा गुरुनानक देव शिक्षा अकेडमी तिकुनिया एवं एस0बी0 मार्डन स्कूल का भी एक एक वाहन बन्द किया गया इस प्रकार कुल 03 स्कूली वाहनो के विरुद्ध चालान एवं बन्द की कार्यवाही की गयी। वही श्री पाण्डेय ने आमजन मानस से अपील भी की ऐसी वाहनो से सवारी करने से बचे जो क्षमता से अधिक सवारी ढो रही है या जिसके प्रपत्र एवं फिटनेस फेल हो एवं स्कूल प्रबन्धको को निर्देशित भी किया की ऐसी किसी भी वाहन से स्कूली छात्र/छात्राओ का परिवहन न करें जिसकी फिटनेस या अन्य कोई प्रपत्र फेल है ऐसी वाहनो से यदि कोई दुर्घटना घटित होती है उसकी समस्त जिम्मेदारी स्कूली प्रबन्धको की होगी एवं विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# रास थाने में एसपी रतनसिंह की अध्यक्षता में सीएलजी बैठक अपराधियों पर नकेल कसने और प्रो-एक्टिव पुलिसिंग पर जोर

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर/रास।** राज्य में सुदृढ़ कानून-व्यवस्था स्थापित करने और अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के लिए माननीय मुख्यमंत्री द्वारा जारी निर्देशों की पालना में ब्यावर जिले में 20 जुलाई से 20 अगस्त तक एक माह का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को पुलिस थाना रास परिसर में पुलिस अधीक्षक रतनसिंह की अध्यक्षता में सीएलजी (ष्टस्त्र) सदस्यों, सुरक्षा सखियों, पुलिस मित्रों, ग्राम रक्षकों एवं जनप्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप अधीक्षक पुलिस (वृत्त जैतारण) रमेन्द्रसिंह हाड़ा एवं थानाधिकारी मंजू मुलेवा की उपस्थिति में क्षेत्र की कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण पर विस्तृत चर्चा



हुई।

**आमजन की भागीदारी से ही मजबूत होगी पुलिसिंग: एसपी**

बैठक को संबोधित करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक रतनसिंह ने प्रो-एक्टिव (सक्रिय) पुलिसिंग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आपराधिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई और शांति व्यवस्था बनाए रखने में जनता की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। जनप्रतिनिधि, सीएलजी सदस्य, सुरक्षा सखी, पुलिस मित्र और ग्राम रक्षक पुलिस तथा आमजन के बीच एक मजबूत सेतु का काम करते हैं। इनकी सक्रियता से ही अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है।

**अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश**

क्षेत्र की अपराध समीक्षा के दौरान एसपी ने वृताधिकारी जैतारण व थानाधिकारी रास को स्पष्ट निर्देश दिए कि:

संगठित अपराधों व हार्डकोर अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान चलाकर धरपकड़ की जाए।

मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध खनन पर पूर्णतया लगाम लगाई जाए।

महिला, बाल अपराध एवं कमजोर वर्गों से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण किया जाए।

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रभावी निरोधात्मक कदम उठाए जाएं।

बैठक में उपस्थित प्रबुद्ध नागरिकों ने भी क्षेत्र की समस्याओं से पुलिस प्रशासन को अवगत कराया, जिस पर एसपी ने त्वरित समाधान का आश्वासन दिया।

# सरकारी नाली पर अतिक्रमण का मामला: कार्रवाई न होने खफ़ा युवक का कलेक्ट्रेट में मौन सत्याग्रह,बार-बार शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होने का आरोप

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** शहर में धरना-प्रदर्शनों के बीच शुक्रवार को विरोध का एक अलग ही स्वरूप देखने को मिला। भवानी नगर निवासी प्रकाश गुर्जर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और सरकारी नाली पर कथित अतिक्रमण नहीं हटाए जाने के विरोध में मौन सत्याग्रह शुरू कर दिया। उन्होंने प्रशासन पर कई शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब तक अतिक्रमण हटाने की निश्चित तारीख नहीं दी जाती, तब तक उनका मौन आंदोलन जारी रहेगा।

**बिना नारेबाजी, इशारों और लिखित संदेशों से रखी बात**

आम तौर पर मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन और नारेबाजी देखने को




मिलती है, लेकिन प्रकाश गुर्जर ने विरोध का अनोखा तरीका अपनाया। कलेक्ट्रेट परिसर में मौन रहकर उन्होंने अधिकारियों और लोगों तक अपनी बात लिखित संदेशों एवं इशारों के माध्यम से पहुंचाई।



**सरकारी नाली पर अतिक्रमण का आरोप**

प्रकाश गुर्जर का आरोप है कि भवानी नगर स्थित निधि फैंसी स्टोर द्वारा पिछले करीब छह महीने से सरकारी नाली पर अतिक्रमण कर उसे बंद कर दिया गया है। उनका कहना है कि दुकान की ओर से करीब 10-10 फीट तक अतिक्रमण किया गया है, जिससे जल निकासी बाधित हो रही है और पूरे मोहल्ले के लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

**एक दर्जन से अधिक शिकायतें, फिर भी नहीं हुई कार्रवाई**

उन्होंने बताया कि मामले को लेकर यूआईटी, जिला कलेक्टर कार्यालय और संपर्क पोर्टल पर एक दर्जन से अधिक बार शिकायत दर्ज कराई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अधिकारियों ने कई बार जाब्ता उपलब्ध नहीं होने का हवाला देकर कार्रवाई टाल दी।

**'यह निजी नहीं, जनहित का मुद्दा'**

प्रकाश गुर्जर ने स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन किसी निजी स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि पूरे मोहल्ले के हित में है। उन्होंने कहा कि सरकारी नाली पर अतिक्रमण से क्षेत्र के लोगों को लगातार परेशानी हो रही है। यदि प्रशासन अतिक्रमण हटाने की निश्चित तारीख घोषित नहीं करता, तो उनका मौन सत्याग्रह अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा।

# जिला कलक्टर ने 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' प्रतियोगिता के पोस्टर का किया विमोचन

स्मार्ट हलचल

**बूंदी ।** जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव ने मेरा युवा भारत (माय भारत), युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान के तहत आयोजित होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के पोस्टर का विमोचन किया। इस दौरान जिला कलक्टर यादव ने कहा कि अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा प्रदान करना तथा विकसित भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने जिले के युवाओं से माय भारत पोर्टल पर अधिकाधिक पंजीकरण कर प्रतियोगिताओं में भाग लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर एच.डी. सिंह, योग प्रशिक्षक भूपेन्द्र योगी, रामेष्ट युवा मंडल संस्थान



के अध्यक्ष शिखर पंचोली, सचिव रोहन गुर्जर, राष्ट्रीय युवा कार्यक्रम सहभागी गोविंद प्रजापत सहित अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे। माय भारत से जुड़े भूपेन्द्र योगी ने प्रतियोगिता की रूपरेखा एवं पंजीकरण प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के अंतर्गत चित्रकला, कविता, नारा लेखन, वाद-विवाद, नुक्कड़ नाटक, समूह लोकगीत, समूह नृत्य तथा लघु फिल्म/रील निर्माण सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनके माध्यम से युवाओं को जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। रामेष्ट युवा मंडल अध्यक्ष शिखर पंचोली ने बताया कि 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा इन प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं। वहीं गोविंद प्रजापत एवं रोहन गुर्जर ने अधिकाधिक युवाओं से पंजीकरण कर इस जनजागरूकता अभियान से जुड़ने तथा नशामुक्त भारत-विकसित भारत के संकल्प को सशक्त बनाने की अपील की।

# छात्रों-युवाओं के समर्थन में सड़कों पर उतरी कांग्रेस: निकाला विशाल मशाल जुलूस

**मोदी अमित शाह, धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग**

**सड़क से सदन तक लड़ेंगे युवाओं की लड़ाई - जीपी खटीक**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी (शहर) के तत्वावधान में शुक्रवार शाम छात्रों और युवाओं के समर्थन में शहर में विशाल मशाल जुलूस निकाला गया। जिलाध्यक्ष शिवराम (जीपी) खटीक के नेतृत्व में निकले इस जुलूस में कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया तथा केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शिक्षा और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर विरोध जताया। मशाल जुलूस सूचना केंद्र चौराहे स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा से शुरू होकर रेलवे स्टेशन तक निकाला गया। पूरे मार्ग में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में मशाल लेकर छात्रों और युवाओं के समर्थन में नारे लगाए तथा उनके अधिकारों की रक्षा की मांग की। जिलाध्यक्ष शिवराम (जीपी) खटीक ने कहा कि कांग्रेस हमेशा छात्रों और



युवाओं के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है और उनके भविष्य से जुड़े मुद्दों पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि यह मशाल जुलूस छात्रों एवं युवाओं के सम्मान, न्याय और उनके उज्ज्वल भविष्य के प्रति कांग्रेस की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने आरोप लगाया कि जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों और महिलाओं के साथ पुलिस द्वारा किया गया व्यवहार बेहद निंदनीय है। गृह मंत्री अमित शाह को इसकी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए। साथ ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी इस्तीफे की मांग की। खटीक ने कहा कि छात्र देश का भविष्य हैं और उनके साथ अपराधियों जैसा व्यवहार लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है। कांग्रेस छात्रों और युवाओं के हितों की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, पीसीसी सदस्यों, पूर्व विधायकों, जनप्रतिनिधियों, जिला, ब्लॉक एवं वार्ड पदाधिकारियों, अग्रिम संगठनों, प्रकोष्ठों, पार्षदों और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत के सानिध्य में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने अधीक्षण अभियंता से की मुलाकात

**निर्बाध विद्युत आपूर्ति, शहर की अघोषित बिजली कटौती एवं अधूरे जीएसएस कार्य शीघ्र पूर्ण करने की उठाई मांग**

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़ ।** पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत के सानिध्य में शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता से मुलाकात कर किसानों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, चित्तौड़गढ़ शहर में हो रही अघोषित बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाने तथा अभयपुर, नाहरगढ़ एवं सिरोड़ी क्षेत्र के अधूरे पड़े जीएसएस निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा कराने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि वर्तमान में किसानों की फसलों की सिंचाई का महत्वपूर्ण समय चल रहा है। पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण किसान विद्युत आधारित सिंचाई पर निर्भर हैं, लेकिन मेंटेनेंस के नाम पर घंटों बिजली कटौती होने से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही चित्तौड़गढ़ शहर में भी लगातार अघोषित



बिजली कटौती से आमजन, व्यापारी, विद्यार्थी एवं घरेलू उपभोक्ता परेशान हैं। बार-बार बिजली बाधित होने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है, इसलिए शहर में निर्बाध एवं नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी बताया कि अभयपुर, नाहरगढ़ एवं सिरोड़ी के जीएसएस निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरे पड़े हैं, जिससे क्षेत्र के किसानों एवं आम उपभोक्ताओं को पर्याप्त विद्युत आपूर्ति का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस पर अधीक्षण अभियंता ने बताया कि अभयपुर एवं नाहरगढ़ जीएसएस के कार्यादेश अजमेर कार्यालय से जारी किए जा चुके हैं तथा शीघ्र ही कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि किसानों एवं आमजन के हितों को ध्यान में रखते हुए शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा अधूरे जीएसएस निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर विद्युत आपूर्ति प्रारंभ की जाए। प्रवक्ता नवरतन जीनगर ने बताया कि इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रेम प्रकाश मूंदड़ा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल सोनी, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम जाट, प्रदेश सचिव रणजीत लोट, विधानसभा चुनाव प्रभारी नगेंद्र सिंह राठौड़, पूर्व जिला उपाध्यक्ष गोविंद शर्मा, मंडल अध्यक्ष मोहनसिंह भाटी, आरजीपीआरएस प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद पालीवाल, मंडल अध्यक्ष दिनेश सोनी, अध्यक्ष अर्जुन रायका, पर्यावरण प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष कमल गुर्जर, अभयपुर सरपंच रघुवीर सिंह ओबीसी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष गेहरूगिरी गोस्वामी, एससी विभाग जिला अध्यक्ष राकेश घारू, सत्यनारायण सेन सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सिमलिया में कांग्रेस का हल्ला बोल, विद्युत विभाग का घेराव कर प्रधानमंत्री व ऊर्जा मंत्री का पुतला फूंका

स्मार्ट हलचल

**कोटाः** युवा, किसान और आमजन के अधिकारों पर लगातार हो रहे हमलों तथा भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमलिया के तत्वावधान में सिमलिया कस्बे में जोरदार जनआक्रोश प्रदर्शन आयोजित किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण सराय भवन, सिमलिया में एकत्रित हुए। वहां से सरकार विरोधी नारों के साथ विशाल रैली निकाली गई, जो मुख्य बाजार से होती हुई विद्युत विभाग कार्यालय पहुँची। कार्यकर्ताओं ने कार्यालय का घेराव कर जबरन स्मार्ट मीटर लगाने, क्षेत्र में बेलगाम अवैध खनन, किसानों को खाद की कालाबाज़ारी, बिजली की अव्यवस्थाओं तथा दिल्ली में




शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे निर्दोष छात्रों पर हुए बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद देश के प्रधानमंत्री एवं स्थानीय विद्युत मंत्री का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शन का नेतृत्व देहात जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार जनता की समस्याओं का समाधान करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। किसानों को खाद नहीं मिल रही, बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है, जनता की जेब पर जबरन स्मार्ट मीटर थोपकर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है, अवैध खनन माफिया सरकार के संरक्षण में फल-फूल रहे हैं और जब युवा अपने भविष्य की लड़ाई लड़ते हैं तो उन्हें लाठियों और मुकदमों से कुचलने का प्रयास किया जाता है। लोकतंत्र में जनता की आवाज़ को दबाने वाली सरकार को अब जनता ही जवाब देगी। कांग्रेस पार्टी अन्याय, भ्रष्टाचार और तानाशाही के खिलाफ अंतिम सांस तक संघर्ष करती रहेगी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमलिया की अध्यक्ष गीता मेघवाल ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों, युवाओं, मजदूरों और गरीबों के साथ विश्वासघात किया है। महंगाई, बेरोजगारी, बिजली संकट, खाद की कालाबाज़ारी और भ्रष्टाचार से जनता त्रस्त है, लेकिन सरकार जनहित के मुद्दों पर मौन बैठी है। कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज़ बनकर हर गांव और हर गली में संघर्ष करेगी तथा जनविरोधी नीतियों का लोकतांत्रिक तरीके से पुरजोर विरोध जारी रखेगी। प्रदर्शन व सभा को कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष अनिरुद्ध मीणा महिला कांग्रेस की देहात अध्यक्ष गायत्री मीणा ऐसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष परशुराम बेरवा अनुषा के देहात जिला अध्यक्ष निरंजन योगी सांगोद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा शकील अहमद, रईस खान रमेश गुर्जर समस्त इकाई अध्यक्षगण आदि कई वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी ने कार्यक्रम को कार्यक्रम का संचालन सत्यनारायण मेघवाल एडवोकेट ने किया संबोधित किया तथा जिसमें रमेश चन्द नागर, रामभरोस मीणा विष्णु मीणा विष्णु शर्मा नवल नागर विनोद मेघवाल ऐसी ब्लॉक अध्यक्ष भुवनेश नागर, रीपी सिंह श्रीमति संतोष मीणा ललिता नागर भुवनेश तिवारी रामकैलाश मेघवाल शांति लाल मीणा महेंद्र मेघवाल राजकुमार मीणा चंद्रप्रकाश मैहरा, महावीर मीणा अर्पित नंदवाना राजेंद्र रैगर, कौशल सिंह आनंदी लाल मेरोठा खलील भाई नंदजी गुर्जर आदि सैकड़ो की तादाद में कॉन्ग्रेस कार्यकता मौजूद रहे प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जबरन स्मार्ट मीटर लगाने की कार्रवाई नहीं रोकी, किसानों को समय पर खाद उपलब्ध नहीं कराई, अवैध खनन पर प्रभावी रोक नहीं लगाई तथा छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस लेकर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की, तो कांग्रेस पार्टी पूरे सांगोद विधानसभा क्षेत्र में उग्र जनआंदोलन छेड़ेगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी भाजपा सरकार की होगी। प्रदर्शन में कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, ब्लॉक एवं मंडल पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

## 'आत्मा योजनान्तर्गत कृषक पुरस्कार हेतु 30 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित'

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** आत्मा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में जिले में कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्रेष्ठ कृषकों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा। इसके अंतर्गत कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं डेयरी, जैविक खेती तथा नवाचारी खेती के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कृषकों का चयन पंचायत समिति, जिला एवं राज्य स्तर पर किया जाएगा। उप निदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक (आत्मा) श्रीमती उषा चितारा ने बताया कि चयनित कृषकों को पंचायत समिति स्तर पर 10 हजार रुपये, जिला स्तर पर 25 हजार रुपये तथा राज्य स्तर पर 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान किए जाने का प्रावधान है। पंचायत समिति एवं जिला स्तर पर सम्मानित किए जाने वाले कृषकों का चयन आत्मा योजना के अंतर्गत जिला कलक्टर की अध्यक्षता में गठित आत्मा शासी परिषद द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2009-10 से वर्ष 2025-26 तक आत्मा योजना अथवा अन्य किसी भी योजना के अंतर्गत एक बार सम्मानित किए जा चुके कृषक वर्ष 2026-27 के पुरस्कार के लिए पात्र नहीं होंगे। यदि किसी कृषक का चयन पूर्व में पंचायत समिति, जिला अथवा राज्य स्तर पर हो चुका है, तो उसे पुनः इस योजना के अंतर्गत पुरस्कार नहीं दिया जाएगा। योजना के तहत कृषक स्वयं, निर्वाचित जनप्रतिनिधि अथवा कोई भी व्यक्ति या संस्था पात्र कृषक का नामांकन प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकती है। प्रस्ताव के साथ कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्यों का विस्तृत विवरण, संबंधित साक्ष्य, फोटोग्राफ, सीडीध्डीवीडी अथवा अन्य आवश्यक सॉफ्ट कॉपी संलग्न करना आवश्यक होगा। आवेदन में कृषक का नाम, पिता का नाम, पूर्ण पता, पंचायत समिति का नाम, जमाबंदी की प्रति, मोबाइल नंबर, आधार नंबर, बैंक खाता संख्या, आईएफएससी कोड सहित उपलब्धियों के प्रमाण-पत्र एवं दस्तावेज संलग्न किए जाने होंगे। साथ ही आवेदन कृषि विभागध्ब्लॉक स्तरीय तकनीकी समिति की अभिशंषा सहित कार्यालय में प्रेषित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि कृषक पुरस्कार हेतु मनोनयन प्रस्ताव 30 अक्टूबर 2026 तक आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक पात्र कृषक अपने आवेदन कृषि पर्यवेक्षक अथवा सहायक कृषि अधिकारी के माध्यम से निर्धारित अवधि में कार्यालय उप निदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक (आत्मा), कृषि भवन, अजमेर चैराहा, भीलवाड़ा में प्रस्तुत कर सकते हैं।

## मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे छात्र, कलेक्ट्रेट पहुंचकर किया प्रदर्शन

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग, राष्ट्रपति के नाम प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**लखीमपुर खीरी।** विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को बड़ी संख्या में छात्र सड़कों पर उतर आए। छात्रों ने जुलूस निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और अपनी मांगों के समर्थन में प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की भी मांग उठाई। प्रदर्शन में शामिल छात्र-छात्राओं का कहना था कि शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर लंबे समय से आवाज



उठाई जा रही है, लेकिन अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने सरकार से छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कदम उठाने की मांग की। कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन के दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के बीच छात्रों ने शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखी और राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा। प्रदर्शन को लेकर जिले के राजनीतिक और सामाजिक हलकों में भी चर्चा रही। छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो आगे आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा।

## अवैध बजरी से भरा ट्रेलर जब्त, खनिज नियमों के तहत मामला दर्ज

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जिले में अवैध खनन एवं बजरी के अवैध परिवहन पर प्रभावी रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना साकेत नगर ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने जीरो पुलिया के पास अवैध बजरी से भरे एक ट्रेलर को जब्त कर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई शुरू की है।

**वरिष्ठ अधिकारियों के सुपरविजन में हुई कार्रवाई**

यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उजैनिया एवं वृताधिकारी राजेश कसाना के निकटतम सुपरविजन में साकेत नगर थानाधिकारी सुरजीत ठोलिया के नेतृत्व में अंजाम दी गई।



**बिना रवना/टीपी के परिवहन कर रहा था ट्रेलर**

पुलिस टीम ने गश्त के दौरान जीरो पुलिया के पास संदिग्ध प्रतीत हो रहे एक ट्रेलर (नंबर RJ 01 GB 5867) को रोककर चेकिंग की। जांच में वाहन अवैध बजरी से भरा पाया गया। जब चालक से बजरी परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज (रवना/टीपी) मांगे गए, तो वह कोई भी कागजात पेश नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने तुरंत खनिज विभाग ब्यावर को सूचित किया, जिसके द्वारा बजरी से भरे ट्रेलर को जब्त कर लिया गया।

**मामला दर्ज और सख्त चेतावनी**

पुलिस ने इस संबंध में प्रकरण संख्या 274/2026 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) BNS एवं 4/21 M.M.R.D. एक्ट के तहत अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। जिला पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अवैध खनन और परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ भविष्य में भी इसी तरह की कठोर और निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

**कार्रवाई करने वाली पुलिस टीमः**

सुरजीत ठोलिया (पुलिस निरीक्षक / थानाधिकारी, साकेत नगर)


**प्रकाशराम (सहायक उप-निरीक्षक)**

रामचन्द्र (कांस्टेबल नं. 1847),रामफुल (कांस्टेबल नं. 2626),अशोक सिंह (कांस्टेबल नं. 2493)

## सेंध लगाकर नकदी व जेवरात चोरी, लाखों के सामान पर हाथ साफ

स्मार्ट हलचल

**खखरेरू/ फतेहपुर** थाना क्षेत्र के बरहटा गांव में चोरों ने एक घर में सेंध लगाकर नकदी और जेवरात चोरी कर लिए। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पीड़ित परिवार ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, बरहटा गांव निवासी रूवाब अहमद के मकान के पीछे की ओर से चोरों ने दीवार की नींव खोदकर घर में प्रवेश किया। इसके बाद घर में रखे जेवरात और नकदी समेटकर फरार हो गए। पीड़िता शायना बानो के मुताबिक चोर एक जोड़ी झुमकी, एक पायल, दो मंगलसूत्र तथा 20 हजार नकद लेकर चले गए। चोरी गए सामान की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। सुबह घटना की जानकारी होने पर



परिवार के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका-मुआयना किया और घटना की जानकारी जुटाई। पीड़ित परिवार ने शीघ्र खुलासे और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है। थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा।

## राजियावास की बेटियों का कमाल: दिव्या और पूर्णिमा का कोटा बालिका फुटबॉल अकादमी में चयन

### 69वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के बाद मिला मुकाम; अब मुफ्त में मिलेगी नेशनल लेवल की कोचिंग और शिक्षा...

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** ग्राम पंचायत राजियावास की दो होनहार बेटियों ने फुटबॉल के मैदान में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए पूरे जिले का नाम रोशन किया है। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजियावास की कक्षा 10वीं की छात्रा दिव्या (पुत्री त्रिलोकसिंह) और पूर्णिमा (पुत्री मुकेशसिंह) का चयन राज्य क्रीडा परिषद बालिका फुटबॉल अकादमी, कोटा में हुआ है। शुक्रवार को दोनों बालिकाओं ने कोटा पहुंचकर अपनी एडमिशन प्रक्रिया पूरी कर ली। ग्राम पंचायत प्रशासक ब्रजपालसिंह रावत ने बताया कि गत वर्ष आयोजित 69वीं राज्य स्तरीय अंडर-17 व 19 बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता



दिव्या



पूर्णिमा

2025 में दोनों बालिकाओं ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया था। इसमें से बालिका पूर्णिमा का चयन पूर्व में राष्ट्रीय स्तरीय बालिका फुटबॉल टीम के प्रशिक्षण शिविर के लिए भी हो चुका है।

**अकादमी में मिलेंगी ये सुविधाएं**

कोटा बालिका फुटबॉल अकादमी में प्रवेश मिलने के बाद अब दोनों खिलाड़ियों को शासन की ओर से:

**निःशुल्क उत्कृष्ट आवास (हॉस्टल)**

**पौष्टिक भोजन और स्वास्थ्य सुविधाएं**

**उच्च स्तरीय शिक्षा**

**प्रोफेशनल फुटबॉल कोचिंग**

**गांव और विद्यालय में खुशी की लहर**

बेटियों की इस ऐतिहासिक सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य महेश कुमार ओलानिया, शारीरिक शिक्षिका श्रीमती रूपकला शर्मा, परिजनों और ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया। प्रशासक ब्रजपालसिंह ने कहा, 'राजियावास की बेटियों ने साबित कर दिया है कि लगन से हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। हमें पूरा विश्वास है कि ये दोनों बेटियां आने वाले समय में राज्य और देश का नाम रोशन करेंगी।'

### ब्यावर जिला कांग्रेस की पहली कार्यकारिणी बैठक

## जिलाध्यक्ष किशोर चौधरी बोले आगामी चुनावों के लिए कार्यकर्ता अभी से कसें कमर

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जिला कांग्रेस कमेटी ब्यावर की नवगठित कार्यकारिणी की पहली बैठक गुरुवार को देलवाड़ा रोड स्थित राधाकुंज गार्डन में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष किशोर चौधरी ने की। बैठक की शुरुआत राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम' के साथ हुई, जिसके बाद नवमनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत किया गया और संगठन सशक्तिकरण तथा आगामी चुनावों को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष किशोर चौधरी ने कहा कि कार्यकर्ता ही कांग्रेस संगठन की असली ताकत हैं। उन्होंने पदाधिकारियों का आह्वान किया कि वे अभी से आगामी पंचायती राज और नगरीय निकाय चुनावों की तैयारियों में जुट जाएँ। चौधरी ने निर्देश दिए कि संगठन को बूथ स्तर तक





सक्रिय और मजबूत किया जाए, ताकि कांग्रेस की विचारधारा, संविधान और जनसेवा के संकल्प को हर घर तक पहुँचाया जा सके। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष ने नवमनोनीत पदाधिकारियों को नियुक्ति-पत्र सौंपे तथा उन्हें पार्टी की नीतियों और जनसेवा के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई।

**वरिष्ठ नेताओं ने दिए मार्गदर्शन**

बैठक में प्रदेश महासचिव व मसूदा के पूर्व विधायक राकेश पारीक, आसींद के पूर्व विधायक हगामीलाल मेवाड़ा, खनन प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष आशीषपाल पदावत, पीसीसी सदस्य पारस पंच, सहदेव सिंह रावत, सेवादल जिलाध्यक्ष विक्रम सोनी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र साँखला सहित अन्य नेताओं ने भी अपने विचार रखे। वक्ताओं ने युवाओं की भागीदारी बढ़ाने, सदस्यता अभियान को गति देने और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने पर जोर दिया।

**कार्यक्रम का संचालन और आभार**

बैठक का संचालन ब्यावर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा और जिला प्रवक्ता सोहन मेवाड़ा ने संयुक्त रूप से किया। अंत में जिला प्रवक्ता एडवोकेट रामस्वरूप सेवलिया ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। राष्ट्रगान के सामूहिक गायन के साथ बैठक का औपचारिक समापन हुआ।





### आस्था धामों को मिले भव्य स्वरूप, शीघ्र करें निविदा प्रक्रिया पूरी

# पैनोरमाओं के संरक्षण को दें प्राथमिकता, रख-रखाव के लिए उठाएं ठोस कदम:मुख्यमंत्री

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के प्रमुख आस्था धामों के विकास कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय में राजस्थान धरोहर प्राधिकरण की बैठक ली। उन्होंने प्रगतिरत विकास कार्यों को समय से पूर्ण करने एवं नए विकास कार्यों की निविदा प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक आधारभूत सुविधाएं विकसित की जाएं। मुख्यमंत्री ने राजस्थान धरोहर प्राधिकरण एवं अजमेर विकास प्राधिकरण को समन्वय के साथ ब्रह्मा मंदिर कॉरिडोर, सरोवर परिक्रमा मार्ग एवं घाटों के विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने देवस्थान विभाग को फेज-1 के तहत तनोट माता मंदिर से जुड़े विकास कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पूंछरी का लौठा में चल रहे विकास कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने डीग जिला कलक्टर को गुरु पूर्णिमा मेले की सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परिक्रमा मार्ग में श्रद्धालुओं के लिए विश्राम स्थल, बिजली, पानी सहित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खाटू श्याम जी मंदिर एवं



आस-पास के क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर सौन्दर्यीकरण और विकास कार्य करवाएं तथा वाहनों एवं श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए सड़कों के निर्माण की कार्ययोजना भी बनाई जाए। उन्होंने मुख्य सचिव को इन सभी कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने बेणेश्वर धाम में स्टैच्यू, धर्मशाला, रसोई घर के निर्माण एवं घाटों के विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने रामदेवरा मेले की तैयारियों का फीडबैक लिया तथा जैसलमेर जिला कलक्टर को श्रद्धालुओं के लिए आश्रय स्थल सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले पदयात्रियों के लिए सभी मार्गों में आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएं।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी पैनोरमाओं के संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ ही, कहा कि ये हमारी धरोहर हैं, इसलिए इनका उचित रखरखाव करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्कूल के विद्यार्थियों को पैनोरमा विजिट करवाकर गौरवशाली इतिहास से परिचित करवाया जाए। मुख्यमंत्री ने देवस्थानों से जुड़ी बजट घोषणाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान के प्रमुख मंदिरों को भव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए राज्य सरकार पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है, ताकि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। बैठक में राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित जल संसाधन, मुख्यमंत्री कार्यालय, वित्त, स्वायत्त शासन एवं देवस्थान विभाग के उच्चाधिकारी मौजूद रहे। वहीं, नगरीय विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं संबंधित जिला कलक्टर्स वीसी के माध्यम से जुड़े।

## न्यूज इन बॉक्स



### सुमेरपुर के तखतगढ़ में गूंजी जनकल्याण की गूंज

## पशुपालन मंत्री ने शहरी फॉलो-अप शिविर में बांटे पट्टे

जयपुर(नि.सं.)। जोराराम कुमावत ने सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के तखतगढ़ नगरपालिका परिसर में एक विशेष दौरे के दौरान विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। मंत्री कुमावत ने स्वायत्त शासन विभाग की ओर से चलाए जा रहे 'शहरी सेवा शिविर अभियान-2026' के अंतर्गत आयोजित फॉलो-अप शिविर का औचक निरीक्षण और विस्तृत अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने राज्य व केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से सीधा संवाद किया और उन्हें मौके पर ही राहत राशि व प्रमाण-पत्र सौंपे। शिविर के दौरान कैबिनेट मंत्री ने आमजन को आर्थिक संबल प्रदान करते हुए केंद्र और राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के चेक वितरित किए। कुमावत ने प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत मकान पक्का करने के सपने को साकार करते हुए 11 लाभार्थियों को प्रथम किस्त के रूप में 50-50 हजार रुपये के चेक सौंपे।



### प्रदेश में आईटीआई उन्नयन की दिशा में नया आयाम

## पीएम सेतु के क्रियान्वयन में उत्तर भारत का पहला एवं देश का पाँचवां राज्य बना राजस्थान

जयपुर(नि.सं.)। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के स्किल इंडिया मिशन एवं विकसित भारत-2047 के संकल्प के अनुरूप राज्य सरकार प्रदेश के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को आधुनिक तकनीक, उद्योग सहभागिता एवं गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण से सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में केन्द्र सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय की महत्वाकांक्षी पीएम सेतु (PM SETU) योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में राजस्थान ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए उत्तर भारत का पहला तथा देश का पाँचवाँ राज्य बनने का गौरव प्राप्त किया है।

योजना के अंतर्गत राजस्थान में भिवाड़ी, जोधपुर, जयपुर, बालोतरा, बांसवाड़ा, भरतपुर, बीकानेर एवं कोटा सहित आठ क्लस्टरों के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए गए थे। इनमें भिवाड़ी क्लस्टर के लिए एम/एस एच.जी. इंफ्रा इंजीनियरिंग लिमिटेड के प्रस्ताव को शुक्रवार का मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित स्टेट स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में अनुमोदन किया गया। इस अनुमोदन के साथ ही प्रदेश में पीएम सेतु योजना के तहत आईटीआई उन्नयन की प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण चरण सफलतापूर्वक पूर्ण हो गया है। अब प्रस्ताव को नेशनल स्टीयरिंग कमेटी की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। स्वीकृति प्राप्त होने के बाद चयनित कंपनी के साथ लाइसेंस एग्रीमेंट एवं शेयर होल्डर्स एग्रीमेंट निष्पादित किए जाएंगे। इसके उपरांत भिवाड़ी क्लस्टर के अंतर्गत चयनित राजकीय आईटीआई में उद्योग सहभागिता के माध्यम से अत्याधुनिक आधारभूत संरचना का विकास, आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं का विस्तार, उद्योग-अनुरूप पाठ्यक्रमों का संचालन, प्रशिक्षकों का क्षमता संवर्धन तथा युवाओं के लिए बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

### शक्ति संगम नारी कौशल केंद्र एवं आरआरआर केंद्र का शुभारंभ

## फागी में महिला सशक्तीकरण और अपशिष्ट प्रबंधन को मिली नई दिशा, सीएसआर सहयोग से स्थापित हुआ अत्याधुनिक केंद्र



जयपुर(नि.सं.)। ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देने की दिशा में गुरुवार को जयपुर जिले के फागी ब्लॉक में शक्ति संगम नारी कौशल केंद्र एवं आरआरआर (रिड्यूस, रियूज, रिसायकल) केंद्र का शुभारंभ किया गया। यह केंद्र जिला परिषद जयपुर, फिनोवा कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड के 10 लाख रूपए के सीएसआर सहयोग तथा शक्ति संगम संस्था की सहभागिता से स्थापित किया गया है।


यह केंद्र ग्रामीण महिलाओं के कौशल विकास, आजीविका संवर्धन तथा हरित अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा ने कहा कि यह केंद्र सरकारी प्रयासों और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रभावी समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। फिनोवा कैपिटल के प्रबंध निदेशक मोहित साहनी ने कहा कि महिलाओं का उत्साह इस बात का प्रमाण है कि यह केंद्र भविष्य में महिला उद्यमिता और आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार बनेगा। केंद्र में हाई स्पीड सिलाई मशीन, पीको मशीन, ओवरलॉक मशीन सहित आधुनिक उपकरण स्थापित किए गए हैं। समारोह के दौरान वेस्ट टू वेल्थ थीम पर ग्रामीण महिलाओं द्वारा तैयार अपसाइकिल उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई।



## मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए जयपुर जिला प्रशासन ने कसी कमर

**विभागों को सौंपी जिम्मेदारी, मलेरिया-डेंगू नियंत्रण के लिए अंतरविभागीय समन्वय के लिए जिला कलक्टर ने दिए निर्देश**

जयपुर(नि.सं.)। मानसून के दौरान मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, स्क्रब टाईफस एवं अन्य वायरसजनित मौसमी बीमारियों की प्रभावी रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए जयपुर जिला कलक्टर श्री संदेश नायक की अध्यक्षता में अंतरविभागीय समन्वय हेतु कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने कहा कि मानसून के दौरान मच्छरों के प्रजनन एवं संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में सभी विभाग जनजागरूकता एवं मच्छररोधी गतिविधियों को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य मच्छरों की संक्रमण श्रृंखला को तोड़कर मौसमी बीमारियों की रोकथाम सुनिश्चित करना है। जिला कलक्टर ने पुलिस आयुक्त जयपुर व जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण को मौसमी बीमारियों से संबंधित चालान कार्यवाही में सहायता प्रदान करने, घर-घर सर्वे के दौरान अप्रिय घटनाओं को रोकने हेतु चिकित्सा विभाग की टीम का सहयोग करने तथा पुलिस थाना परिसर में मच्छर रोधी गतिविधियां करवाना सुनिश्चित करने की बात कही।



AI Generated

## राजस्थान में ओबीसी सर्वे में बाड़मेर-सलूंबर सबसे आगे


**कोटा और बारां सबसे पीछे; अब तब लगभग 70 प्रतिशत काम पूरा**

उदयपुर (वि.सं.)। राजस्थान में पंचायतीराज और नगर निकायों के चुनाव से पहले ओबीसी आरक्षण को लेकर सर्वे किया जा रहा है। 10 जुलाई से शुरू हुए सर्वे की एक रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार- सर्वे का सबसे तेजी से काम बाड़मेर और सलूंबर जिले में हुआ।

वहीं सबसे कम स्पीड से कोटा और बारां में काम हुआ है। कुल मिलाकर 23 जुलाई तक केवल 69.86 काम ही पूरा हुआ है। सर्वे की आखिरी तारीख 26 जुलाई है, ऐसे में 100 प्रतिशत काम इन तीनों में पूरा करना ही होगा। बता दें कि ओबीसी राजनीतिक प्रतिनिधित्व आयोग ने सर्वे की अंतिम तारीख 3 दिन बढ़ाकर 26 जुलाई कर दी है। आयोग को 5 अगस्त तक राज्य सरकार को रिपोर्ट देनी है।

### कृषि क्षेत्र में डिजिटल क्रांति

## एआई से आसान,तेज और स्मार्ट होगा विभागीय कामकाज



जयपुर(नि.सं.)। कृषि विभाग को आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से सशक्त बनाने, विभागीय कार्यप्रणाली को अधिक त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने तथा कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक पात्र किसानों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से पंत कृषि भवन के सभा कक्ष में विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता आयुक्त कृषि श्री नरेश कुमार गोयल ने की। कार्यशाला में गूगल क्लाउड टीम द्वारा जेमिनी एआई के उपयोग, कार्यप्रणाली एवं व्यावहारिक फायदों के संबंध में अधिकारियों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग मुख्यालय के समस्त योजना प्रभारियों ने व्यक्तिगत रूप से भाग लिया, जबकि विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से जुड़कर प्रशिक्षण प्राप्त किया। आयुक्त कृषि ने कहा कि बदलते तकनीकी दौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रभावी उपयोग प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने और विभागीय कार्यों को अधिक सरल एवं परिणामोन्मुखी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि जेमिनी एंटरप्राइज एआई जैसे आधुनिक तकनीकी टूल्स के उपयोग से विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित कार्यों में समय की बचत के साथ-साथ कार्य की गुणवत्ता और सटीकता बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।




## पत्नी ने माइंस कारोबारी प्रेमी संग पति का मर्डर किया

**रात में गला दबाया, फिर सुसाइड दिखाने की कोशिश; परिवार बोला- 2 साल से है अफेयर**

अजमेर(वि.सं.)। अजमेर के पीसांगन में पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति का गला दबाकर मर्डर कर दिया। आरोपी पत्नी और माइंस कारोबारी प्रेमी ने हत्या को सुसाइड दिखाने की भी कोशिश की। पीसांगन थाना प्रभारी पारूल यादव ने बताया कि किसान मुकेश रावत (33) गुरुवार (23 जुलाई) सुबह घर में मृत मिला था। मुकेश के परिवार ने किसान की पत्नी विमला देवी (32) और उसके प्रेमी गोपाल सिंह पर हत्या के आरोप लगाए थे। शुक्रवार को पुलिस ने हत्या का खुलासा किया। जांच और पूछताछ के बाद पत्नी सहित 3 लोगों को हिरासत में लिया गया है। मृतक मुकेश के काका राम अवतार ने बताया- भतीजा मुकेश नाथूखेड़ा गांव में बंटाई पर खेती करता था।

### महिला सुरक्षा संकल्प अभियान

## राजस्थान पुलिस ने 7,834 एकल बुजुर्ग महिलाओं एवं बुजुर्ग दंपत्तियों से की आत्मीय मुलाकात

जयपुर(नि.सं.)। महानिदेशक पुलिस राजस्थान श्री राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में संचालित 'महिला सुरक्षा संकल्प' अभियान के अंतर्गत राजस्थान पुलिस ने प्रदेशभर में विशेष जनसंपर्क एवं सुरक्षा अभियान चलाते हुए 7,834 एकल बुजुर्ग महिलाओं एवं अकेले रह रहे बुजुर्ग दंपत्तियों से उनके घर पहुंचकर आत्मीय मुलाकात की। पुलिस अधिकारियों एवं थाना स्तर के पुलिसकर्मियों ने बुजुर्गों का कुशलक्षेम जाना, उनकी समस्याएं सुनीं तथा सुरक्षा संबंधी




आवश्यकताओं की जानकारी लेकर उन्हें हर परिस्थिति में पुलिस सहायता का भरोसा दिलाया। यह विशेष अभियान राजस्थान पुलिस के स्थायी आदेश के अनुरूप संचालित किया गया। इसका उद्देश्य एकाकी जीवन व्यतीत कर रहे वरिष्ठ नागरिकों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना, उन्हें पुलिस से जोड़ना तथा आवश्यकता पड़ने पर उन्हें त्वरित सहायता उपलब्ध कराना है।

प्रदेशभर में पहुंचा पुलिस का सुरक्षा और विश्वास का संदेश

अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने वरिष्ठ नागरिकों से आत्मीय

### राजस्थान पुलिस | साइबर ठगी पर अंकुश के लिए राजस्थान पुलिस की बड़ी पहल

## अब 1 लाख रुपये या उससे अधिक की साइबर ठगी में स्वतः दर्ज होगी ई-जीरो एफआईआर

**महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा ने जारी किया आदेश**

जयपुर(नि.सं.)। साइबर वित्तीय अपराधों पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसके तहत महानिदेशक पुलिस राजस्थान श्री राजीव कुमार शर्मा ने एक निर्णय लिया है कि अब 1 लाख रुपये या उससे अधिक की साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत पर ई-जीरो एफआईआर (e-Zero FIR) स्वतः दर्ज होगी। यह नई व्यवस्था गुरुवार 23 जुलाई से




पूरे राज्य में प्रभावी कर दी गई है। डीजीपी श्री शर्मा ने इस संबंध में राज्य के समस्त पुलिस अधीक्षकों व पुलिस आयुक्तों को संशोधित व्यवस्था के अनुरूप कार्यवाही करने के लिए एक परिपत्र जारी करते हुए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

यह निर्णय भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देशों एवं साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि पीड़ितों को तत्काल कानूनी संरक्षण मिल सके और ठगी की राशि को शीघ्र फ्रीज कर अपराधियों तक तेजी से पहुंचा जा सके। एडीजी साइबर क्राइम श्री वी.के.सिंह ने बताया कि इससे पहले राजस्थान में 5 लाख रुपये या उससे अधिक की साइबर वित्तीय ठगी के मामलों में ई-एफआईआर की व्यवस्था लागू थी। अब इसकी सीमा घटाकर 1 लाख रुपये कर दी गई है, जिससे अधिक संख्या में पीड़ितों को तत्काल कानूनी सहायता मिल सकेगी। नई व्यवस्था के तहत I4C के राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930) और सीसीटीएनएस प्रणाली को एकीकृत किया गया है।

# जोस बटलर ने क्रिस गेल को छोड़ दिया पीछे

## T20 में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर ने गुरुवार (23 जुलाई) को रिकॉर्ड बुक में अपना नाम और दर्ज करा लिया। वह क्रिस गेल को पीछे छोड़कर लॉर्ड्स में मैनचेस्टर सुपर जायंट्स और लंदन स्पिरिट के बीच द हंड्रेड 2026 के मैच में टी20 में दूसरे सबसे



ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। हालांकि, बटलर ने 11 गेंदों पर सिर्फ 16 रन बनाए। इसमें एक चौका और एक छक्का शामिल था। जोस बटलर के अब 487 टी20 पारियों में 146.74 के स्ट्राइक रेट से 14,572 रन हैं। उन्होंने 102 अर्धशतक और 9 शतक शामिल हैं। गेल को इसी साल कीरोन पोलार्ड ने पीछे छोड़ा था और टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए थे। गेल के 455 पारियों में 14,562 रन हैं। वह तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं।

### पोलार्ड से 231 रन पीछे बटलर

वेस्टइंडीज के पूर्व ओपनर गेल ने 144.75 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। इसमें 88 अर्धशतक और 22 शतक शामिल हैं। वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड 663 पारियों में 151.02 के स्ट्राइक रेट से 14,803 रन बनाकर शीर्ष पर बने हुए हैं। उन्होंने 70 अर्धशतक और दो शतक लगाए हैं। बटलर अब शीर्ष पर पहुंचने से सिर्फ 231 रन पीछे हैं।

# कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत की जीत से शुरुआत




**नई दिल्ली।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में पहले दिन भारतीय खिलाड़ियों ने लॉन बॉल्स में जीत से शुरुआत की है। अब दूसरे राउंड का मैच शुक्रवार को दूसरे दिन होगा। पहले दिन पुतुल सोनोवाल ने लॉन बॉल्स पुरुष एकल स्पर्धा में कनाडा के 2023 विश्व चैंपियन रयान बेस्टर को टाई-ब्रेक में हराकर बड़ा उलटफेर किया जिससे भारत ने गुरुवार को विजयी आगाज किया। वहीं रूपा रानी टिर्की और पिंकी ने महिला पेयर्स बॉल्स स्पर्धा में माल्टा को रोमांचक टाई-ब्रेक में हरा दिया।



इस मुकाबले ने यह भी दिखाया कि पीवी सिंधु का आक्रामक खेल अब भी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चुनौती देने की क्षमता रखता है।

जापान ओपन में इतिहास रचने के बाद

# हारी पीवी सिंधु

### नहीं लांघ पाईं 'चीनी दीवार'

**टोक्यो(एजेंसी)।** जापान ओपन सुपर 1000 का खिताब जीतकर इतिहास रचने वाली भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु चाइना ओपन में अपना विजयी अभियान जारी नहीं रख पाईं। दूसरे दौर में उन्हें मेजबान चीन की चेन युफेई के खिलाफ 21-16, 20-22, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा।

पीवी सिंधु दूसरे गेम में चार मैच पॉइंट भी नहीं भुना पाईं। इसके बाद युफेई ने शानदार वापसी करते हुए मैच अपने नाम कर लिया। इसके साथ ही दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु का चाइना ओपन सुपर 1000 में सफर दूसरे दौर में ही समाप्त हो गया।

**शानदार शुरुआत, पहले गेम में की दमदार वापसी-** पीवी सिंधु के लिए मुकाबले की शुरुआत आसान नहीं रही। वह पहले गेम में 6-12 से पीछे चल रही थीं। ऐसा लग रहा था कि चेन युफेई आसानी से बढ़त बना लेंगी, लेकिन कोच इरवांश्या के मार्गदर्शन के बाद पीवी सिंधु ने अपनी रणनीति बदली और लगातार क्रॉस-कोर्ट शॉट्स से चीनी खिलाड़ी को कोर्ट के एक छोर से दूसरे छोर तक दौड़ाया।

- **दूसरे गेम में 4 मैच पॉइंट भी नहीं दिला सके जीत-** दूसरे गेम में भी पीवी सिंधु पूरे समय हावी रहीं। उन्होंने शुरुआत से बढ़त बनाए रखी और एक समय स्कोर 20-16 कर लिया। यानी उनके पास मुकाबला खत्म करने के लिए चार मैच पॉइंट थे, लेकिन यहीं से मैच का रुख बदल गया। ओलंपिक चैंपियन रह चुकीं चेन युफेई ने जबरदस्त धैर्य दिखाया और लगातार छह अंक जीतकर गेम 22-20 से नाम कर लिया। इस दौरान पीवी सिंधु ने कुछ जल्दबाजी भरे फैसले किये और दो बार शटल को बाहर समझकर छोड़ दिया, लेकिन वह लाइन के अंदर गिरी।
- **निर्णायक गेम में 15-13 की बढ़त भी नहीं बचा सकीं-** निर्णायक गेम में भी पीवी सिंधु ने हार नहीं मानी। पीवी सिंधु ने 15-13 तक बढ़त बना ली थी और जीत की ओर बढ़ती दिख रही थीं। हालांकि, लगातार सातवां मैच खेल रही पीवी सिंधु पर थकान साफ दिखाई देने लगी। पीवी सिंधु के स्मैश में पहले जैसी ताकत नहीं रही और कई आक्रमण नेट में फंस गए। दूसरी ओर, घरेलू दर्शकों के समर्थन से खेल रहीं चेन युफेई ने आत्मविश्वास के साथ वापसी की और लगातार अंक जुटाते हुए तीसरा गेम 21-18 से जीत लिया।
- **सुधार की जरूरत भी आई सामने-** इस मुकाबले ने यह भी दिखाया कि पीवी सिंधु का आक्रामक खेल अब भी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चुनौती देने की क्षमता रखता है। हालांकि, मैच खत्म करने के अहम मौकों पर संयम बनाए रखना उनके लिए अभी बड़ी चुनौती है। चार मैच पॉइंट हासिल करने के बाद मिली यह हार पीवी सिंधु के लिए निराशाजनक जरूर रही, लेकिन जापान ओपन के खिताब और चाइना ओपन में चेन युफेई जैसी मजबूत खिलाड़ी के खिलाफ उनके प्रदर्शन ने यह संकेत भी दिया कि वह फिर अपनी सर्वश्रेष्ठ लय की ओर लौट रही हैं।

### थकान भी बनी हार की बड़ी वजह

पिछले सप्ताह जापान ओपन का खिताब जीतने के बाद यह पीवी सिंधु का 10 दिनों में सातवां मुकाबला था। पूरे मैच में पीवी सिंधु ने शानदार संघर्ष किया, लेकिन निर्णायक क्षणों में थकान उनके खेल पर हावी होती दिखी। लंबे रैलियों के दौरान उनकी गति और स्मैश की ताकत दोनों प्रभावित हुई। चीनी शटलर युफेई ने इसका पूरा फायदा उठाया।

भारत ने जीता पहला टी20, वैभव नहीं मयंक बने मैच के हीरो

# अय्यर की कप्तानी में पहली जीत

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने श्रेयस अय्यर की कप्तानी में पहले सात में से छह मैच हारने के बाद पहली जीत दर्ज कर ली है। जिम्बाब्वे दौरे पर टीम इंडिया ने जीत से आगाज किया है। तीन मैचों की टी20 सीरीज में इसी के साथ भारत ने 1-0 की बढ़त भी बना ली है। वैभव सूर्यवंशी ने इस मुकाबले में 18 गेंद पर अर्धशतक जड़ा और जमकर महफिल लूटी। मगर वह प्लेयर ऑफ द मैच नहीं बन पाए। वैभव सूर्यवंशी ने 19 गेंद की पारी में चार चौके और चार छक्के लगाए। मगर 21 महीने बाद भारतीय टीम में लौटे मयंक यादव ने बेहतरीन गेंदबाजी से सबका दिल जीता। उन्होंने 4 ओवर में 18 रन देकर दो विकेट लिए और उन्हें ही प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। श्रेयस अय्यर की भी बतौर कप्तान यह पहली टी20 इंटरनेशनल जीत है। यह भारतीय टीम का टी20 इंटरनेशनल में बिना जीत के लगातार सबसे ज्यादा मैच हारने का अनचाहा रिकॉर्ड भी है। साथ ही टीम इंडिया का टी20 इंटरनेशनल में 120 प्लस का लक्ष्य चेज करते हुए सबसे ज्यादा गेंद बची रहने के लिहाज से चौथा सर्वश्रेष्ठ रन चेज है। वहीं श्रेयस अय्यर ने लगातार आठ टी20 इंटरनेशनल मैचों में टॉस जीतते हुए भी खास रिकॉर्ड बनाया।

### भारत की 7 विकेट से शानदार जीत

भारत और जिम्बाब्वे के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज का पहला मैच हरारे में खेला गया। भारत ने 13.2 ओवर में 3 विकेट खोकर ही 126 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। जिम्बाब्वे की टीम ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 125 रन बनाए थे। वेस्ली मधेवेरे 39 और मरुमानी ने 27 रन बनाकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। भारत के लिए प्रिंस यादव और मयंक यादव को 2-2 विकेट मिले। जबकि रवि बिश्नोई और शिवम दुबे ने 1-1 विकेट अपने नाम किया। बल्लेबाजी में वैभव के 50 रन के अलावा इशान किशन ने 35 रन बनाए और कप्तान श्रेयस अय्यर 28 रन बनाकर नाबाद रहे।



### 120+ लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की सबसे बड़ी जीत (बची हुई गेंद के लिहाज से)

- 60 गेंद बाकी : बनाम न्यूजीलैंड, गुवाहाटी, 2026 (लक्ष्य : 154)
- 49 गेंद बाकी : बनाम बांग्लादेश, ग्वालियर, 2024 (लक्ष्य : 128)
- 43 गेंद बाकी : बनाम इंग्लैंड, कोलकाता, 2025 (लक्ष्य : 133)
- 40 गेंद बाकी : बनाम जिम्बाब्वे, हरारे, 2026 (लक्ष्य :126)

# रजत पाटीदार कहां हैं?

## जिम्बाब्वे के खिलाफ चुनी गई भारतीय टीम पर हनुमा विहारी ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** हनुमा विहारी ने जिम्बाब्वे दौरे पर 3 मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय स्क्वाड में रजत पाटीदार को बाहर रखने के लिए टीम मैनेजमेंट और चयनकर्ताओं की आलोचना की है। विहारी का मानना है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए शानदार प्रदर्शन और खिताबज जिताने के बाद पाटीदार को टीम में जगह मिलनी चाहिए थी। विहारी ने टीम के ओवरऑल बैलेंस पर भी सवाल उठाए। विहारी ने कहा कि चयनकर्ताओं ने कुछ मुश्किल फैसले लिए खासकर रजत पाटीदार को बाहर रखकर। हालांकि, टीम में कई बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। उन्हें लगा कि पाटीदार या संजू सैमसन जैसे दाएं हाथ के बल्लेबाजों से टीम को बेहतर बैलेंस मिलता। उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'रिंकू सिंह को वापस लाया गया, लेकिन रजत पाटीदार कहां हैं? उन्होंने आरसीबी को दो सीजन में खिताब जिताया और बल्लेबाज के तौर पर भी अच्छा प्रदर्शन किया। उन्हें भी नहीं चुना गया। ये चयनकर्ताओं के कड़े फैसले हैं।'



# मयंक यादव वापसी करते ही बने प्लेयर ऑफ द मैच



**नई दिल्ली।** भारत के तेज गेंदबाज मयंक यादव का करियर काफी मुश्किल भरा रहा है। 24 साल का यह युवा खिलाड़ी चोट की वजह से दो साल तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर रहा। तेज रफ्तार से गेंद करने के कारण 'राजधानी एक्सप्रेस' नाम से मशहूर दिल्ली के लड़के ने जिम्बाब्वे के खिलाफ गुरुवार (23 जुलाई) को दमदार प्रदर्शन किया और प्लेयर ऑफ द मैच बना।

अक्टूबर 2024 के बाद भारत के लिए अपना पहला मैच खेलते हुए मयंक यादव ने हरारे स्पोर्ट्स क्लब में जिम्बाब्वे के खिलाफ पहली ही गेंद पर विकेट लिया। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंयक ने माना कि 22-23 साल की उम्र में बार-बार चोटिल होना मानसिक रूप से काफी चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने काफी तेज रफ्तार से गेंदबाजी की। उन्होंने कहा कि देश का प्रतिनिधित्व करने के सपने के कारण मुश्किल रिहैबिलिटेशन पीरियड के दौरान उनका हौसला नहीं टूटा।



## CJP प्रदर्शन और छात्रों के मुद्दे पर सचिन तेंदुलकर का बयान, शुभमन गिल ने भी कही यह बात

**नई दिल्ली।** भारत की राजधानी दिल्ली में इस वक्त कॉकरोच जनता पार्टी और छात्रों द्वारा नीट पेपर लीक को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है। इस मामले ने 20 जुलाई 2026 को तूल पकड़ा जब पुलिस और आंदोलनकारियों के बीच हिंसक झड़प हुई। अब इस मामले पर बॉलीवुड से खेल जगत तक अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। इसी कड़ी में क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर और भारत के वनडे व टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने भी प्रतिक्रिया दी है।

सचिन तेंदुलकर ने छात्रों का समर्थन करते हुए एक्स पर पोस्ट किया और यह भी याद दिलाया कि उनके पिता भी एक प्रोफेसर थे। साथ ही उन्होंने कहा कि देश के भविष्य को आगे बढ़ाने के लिए युवाओं का अहम योगदान होने वाला है। इसलिए सभी को मिलकर इसका हल निकालना चाहिए। किसी भी परीक्षा में फेल हो जाएं लेकिन नकल करना सही नहीं है।



# 'मेरे पिता भी प्रोफेसर थे...'

### सचिन तेंदुलकर का पूरा बयान?

सचिन तेंदुलकर ने एक्स पर एक नोट पोस्ट करते हुए लिखा, 'मेरे पिता भी एक प्रोफेसर थे। वे कई युवा छात्रों के मार्गदर्शक और गुरु थे। एक सबक जो उन्होंने मुझे शुरुआत में ही सिखाया था, असफल होना ठीक है, लेकिन नकल (चीटिंग) करना नहीं। कभी भी शॉर्टकट मत अपनाओ। समाज के एक बड़े और जिम्मेदार होने के नाते, कल्चर को आगे बढ़ाना हमारी जिम्मेदारी है। जो समाज प्रयास से ज्यादा परिणामों को प्राथमिकता देता है, वह योग्यता (मेरिटोक्रेसी) की जगह शॉर्टकट को तलाशने लगता है।' मास्टर ब्लास्टर ने आगे लिखा, 'आज, जब छात्र इस बात से निराश महसूस करते हैं कि उनकी कड़ी मेहनत का फल उन्हें नहीं मिला है, तो यह स्वाभाविक है। सामूहिक रूप से, हम सभी को मिलकर यह सुनिश्चित करने के लिए काम करना चाहिए कि वे दोबारा कभी ऐसा महसूस न करें। युवा भारत सपनों और ऊर्जा से भरा हुआ है। वे (छात्र और युवा) हमारी सफलता का ईंधन हैं। अंत में सचिन ने पोस्ट में लिखा, 'एक समाज के रूप में, हम सभी, माता-पिता, शिक्षक, मित्र, रिश्तेदार, स्कूल और प्रशासक, की यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है कि हम यह सुनिश्चित करें कि हमारे युवा प्रोत्साहित और ऊर्जावान रहें। 'हमें एक ऐसी संस्कृति का निर्माण करना चाहिए जहाँ कड़ी मेहनत का सम्मान हो, ईमानदारी को बढ़ावा मिले और योग्यता की जीत हो। मुझे पूरा विश्वास है कि हम सब मिलकर ऐसे समाधान ढूंढ लेंगे जो हमारे बच्चों के भविष्य को मजबूत करेंगे और उनकी महत्वाकांक्षाओं की रक्षा करेंगे।'

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com